Weather Report
अधिकतम तापमानः 32.0c
न्यूनतम तापमानः 21.0c
हवा गतिः 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबहः 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्षः 10 अंकः 320 जयपुर, शनिवार, 20 अप्रेल 2024 पृष्ठः8 मूल्यः ` 1.50


अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

### मोदी बोले-आतंक का सप्लायर पड़ोसी आटे को तरस रहा, दमोह में कहा

# इंडी गठबंधन वाले भगवान राम की पूजा को पाखंड बताते हैं

■ संजीवनी टुडे

दमोह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा- हमारा एक पड़ोसी जो आतंक का सप्लायर था वो अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे हालातों में हमारा भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। पीएम मोदी शुक्रवार दोपहर में दमोह में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी अलायंस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग सनातन को डेंगू-मलेरिया कहते हैं। भगवान राम की पूजा को पाखंड बताते हैं। पीएम मोदी ने कहा- परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। वे कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो देश में आग लग जाएगी। इंडी गठबंधन के लोग मोदी को आए दिन धमकियां दे रहे हैं। लेकिन मोदी इन धमकियों से न पहले डरा है, न कभी डर सकता है। पीएम मोदी ने कहा- जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो। घटनाएं घट रही हो। तो भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली सरकार बहुत जरूरी है। ये काम पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार ही कर सकती है। स्थिर सरकार कैसे देश और देशवासियों के हित में काम करती है, ये हमने बीते वर्षों में देखा है। जब अध्योध्या में रामनवमी पर भगवान राम का तिलक हो रहा होता है। ये सब ये लोग वोट की राजनीति के लिए करते हैं।



### मुद्रा योजना में मदद बढ़ाकर 20 लाख रुपए की जाएगी

पीएम मोदी ने कहा- जिनके पास गारंटी देने के लिए कुछ नहीं है, उनकी गारंटी मोदी ने ली है। मुद्रा योजना के तहत ऐसे युवाओं को लाखों करोड़ रुपए का ऋण दिया है। भाजपा ने घोषणा पत्र में घोषणा की है कि मुद्रा योजना में मदद को बढ़ाकर अब 20 लाख रुपए तक किया जाएगा। कोविड का इतना बड़ा संकट आया। मजबूत भाजपा सरकार पूरी दुनिया से हर भारतीय को सुरक्षित भारत ले आई। करोड़ों परिवारों को मुफ्त राशन की सुविधा दी। भाजपा सरकार ने करोड़ों भारतीयों को मुफ्त वैक्सीन लगाई। आज देश में वो भाजपा सरकार है जो न किसी से दबती है, न किसी के सामने झुकती है। परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। वे कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो देश में आग लग जाएगी। इंडी गठबंधन के लोग मोदी को आए दिन धमकियां दे रहे हैं। लेकिन मोदी इन धमकियों से न पहले डरा है, न कभी डर सकता है। मोदी बोले- ओरछा में हमारे भगवान राम राजा के रूप में विराजित हैं। बुंदेलखंड की धरती देख रही कैसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहते हैं, हमारा सनातन डेंगू-मलेरिया है। आपके आशीर्वाद से अध्योध्या में जो राम मंदिर बना है, उसके भी ये विरोधी हैं। राम की पूजा को पाखंड बताते हैं। ये बयान तब दिया जाता है।

### इंडी वाले हमारे सनातन को डेंगू-मलेरिया कहते है

मोदी बोले- ओरछा में हमारे भगवान राम राजा के रूप में विराजित हैं। बुंदेलखंड की धरती देख रही कैसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहते हैं, हमारा सनातन डेंगू-मलेरिया है। अध्योध्या में राम मंदिर बना है, उसके भी ये विरोधी हैं। राम की पूजा को पाखंड बताते हैं। ये सब वोट की राजनीति के लिए करते हैं। पीएम मोदी के दमोह दौरे के मिनट-टु-मिनट अपडेट के लिए नीचे दिए ब्लॉग से गुजर जाइए।

### पूर्व मंत्री की बात पर ठहाके लगाते दिखे पीएम मोदी

दमोह में मंच पर पीएम मोदी ने पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव से बातचीत की। इस दौरान गोपाल भार्गव की किसी बात पर पीएम मोदी जमकर ठहाके लगाते नजर आए। पीएम मोदी की सभा में एक लड़का मोदी और उनकी मां हीरा बेन की पेंटिंग लेकर पहुंचा था। जिसमें पीएम मोदी मां हीरा बेन को हाथ जोड़कर प्रणाम कर रहे हैं। और मां हीरा बेन उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दे रही है। लड़का काफी देर से पीएम मोदी से सामने ये पेंटिंग दिखा रहा था। जिसे देखकर पीएम मोदी ने बीच में ही अपना भाषण रोका और एसपीजी टीम को कहा- पीछे एक बच्चा मेरी फोटो लेकर आया है। लंबे समय से हाथ हिला रहा है। बेटा फोटो के पीछे अपना नाम पता लिख देना और वो कैमरामैन को दे दो, आराम से बैठो, मेरी चिट्ठी आएगी।

### इलेक्शन कैंपेन छोड़ प्रत्याशी ने सी-सेक्शन डिलीवरी करवाई

## आंध्र प्रदेश की गोत्तीपति लक्ष्मी विधानसभा चुनाव में टीडीपी कैंडिडेट, पेशे से डॉक्टर हैं

■ संजीवनी टुडे

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में विधानसभा चुनाव की प्रत्याशी गोत्तीपति लक्ष्मी ने इलेक्शन कैंपेन के दौरान एक महिला की सी-सेक्शन डिलीवरी करवाई। उन्होंने चुनाव प्रचार छोड़ हॉस्पीटल जाकर महिला का ऑपरेशन किया और मां-बच्चे की जान बचाई। गोत्तीपति लक्ष्मी प्रकाशम जिले के दारसी विधानसभा क्षेत्र से तेलुगु देशम पार्टी की उम्मीदवार हैं। वो एक राजनीतिक परिवार से संबंध रखती हैं और पेशे से वह डॉक्टर हैं। वह पहली बार चुनाव मैदान में उतरी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोत्तीपति लक्ष्मी गुरुवार (18 अप्रैल) को चुनाव प्रचार के लिए निकलने वाली थीं। तभी उन्हें किसी ने बताया कि एक प्रेग्नेंट महिला की एमनियोटिक थैली फट गई है। इससे बच्चे की जान को खतरा या गर्भपात हो सकता है। महिला की पहचान अब्बायाई पालेम के वेंकट रमन्ना के रूप में की गई। उसे एक प्राइवेट हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया था। गोत्तीपति लक्ष्मी हॉस्पीटल गईं। वहां पता चला कि डॉक्टरों ने महिला को गुंटूर रेफर कर दिया। लक्ष्मी ने वहां जाकर महिला की सी-सेक्शन सर्जरी कर डिलीवरी करवाई। फिलहाल मां और बच्चे, दोनों स्वस्थ हैं। गोत्तीपति लक्ष्मी ने कहा कि अगर ट्डक्क



चुनाव जीतती हैं, तो वह अपने इलाके में हॉस्पीटल बनवाएंगी। आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा की 25 और विधानसभा की 175 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। 4 जून को नतीजे आएंगे। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर चुनाव प्रचार के दौरान शनिवार (13 अप्रैव) की रात को पत्थर से हमला हुआ। इसमें जगन मोहन घायल हो गए। उनके माथे पर चोट लगी है। आंध्र प्रदेश के नरसापुरम से बीजेपी नेता भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा को पार्टी ने इस बार चुनाव में टिकट दिया है। भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा भाजपा, ट्डक्क और जनसेना के संयुक्त उम्मीदवार हैं। वे पिछले 30 साल से भाजपा में काम कर रहे हैं और वर्तमान में आंध्र प्रदेश में भाजपा राज्य सचिव हैं।

### 21 राज्यों की 102 सीटों पर 68% वोटिंग

## लक्षद्वीप में सबसे ज्यादा 83%, बिहार में सबसे कम 49%, बंगाल-मणिपुर में हिंसा

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। लोकसभा के फर्स्ट फ़ेज में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग हुई। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक हुई वोटिंग में 68.29 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। 2019 के मुकाबले यह आंकड़ा 1 प्रतिशत ही कम है। 2019 में फर्स्ट फ़ेज में 91 सीटों पर 69.43% वोटिंग हुई थी। शुक्रवार को जिन 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई है, इनमें 2019 में भाजपा ने 40, क्ख्रख ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। फर्स्ट फ़ेज में अधिकतर सीटों पर मुकाबला इन्हीं 3 दलों के बीच है। लक्षद्वीप में सबसे ज्यादा 83.88% वोटिंग हुई है। सबसे कम बिहार में 48.88% वोटिंग हुई। फाइनल वोटिंग प्रतिशत अभी नहीं आया है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फ़ेज है। दो राज्यों पश्चिम बंगाल और मणिपुर में वोटिंग के दौरान हिंसा भी हुई। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए। अरुणाचल प्रदेश में 76.44% और सिक्किम में 79.86% लोगों ने राज्य में सरकार बनाने के लिए वोट डाले। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में भाजपा और ट्ठ्ख्रए कार्यकर्ताओं के बीच पथरावः तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि



कूचबिहार के तूफानगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पोलिंग बूथ पर हिंसा की। तृणमूल एजेंट्स से मारपीट की गई है, इसमें कई घायल हैं। ट्ठ्ख्रए ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हथियारों के साथ बूथ के सामने खड़े होकर मतदाताओं को डरा रहे हैं। इस इलाके में गुरुवार रात भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंसा की और तृणमूल के अस्थाई दफ्तर में आगजनी की। ट्ठ्ख्रए ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है। भाजपा ने भी तृणमूल के कार्यकर्ताओं पर हिंसा का आरोप लगाया है। हिंसा को देखते हुए आउटर सीट के कुछ हिस्सों में 26 अप्रैल को भी वोटिंग होगी। नगालैंड के 6 जिलों में लगभग 0% वोटिंग हुई है। ये जिले हैं- मोन, लॉन्गलेंग, तुएनसान्ग, नोकलाक, शामाटोर और किफिरे। ये सभी पूर्वी नगालैंड में आते हैं।

### इम्फाल में उपद्रवियों ने ईवीएम जलाई, तोड़फोड़ भी हुई

मणिपुर के पूर्वी इम्फाल जिले के मोइरंगकंपू में चुनाव के दौरान आगजनी की घटना सामने आई है। यहां उपद्रवियों ने ईवीएम मशीन को जला दिया। जिले के खुरई लाईखुटलेंबी में गुस्साए लोगों ने क्ठ्ठख्र मशीन में तोड़फोड़ कर दी। इन लोगों का आरोप था कि हथियारबंद बदमाशों ने उनका वोट डाल दिया। वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में भी फायरिंग हुई। मणिपुर की दो लोकसभा सीटों (मणिपुर इनर और मणिपुर आउटर) पर इस फ़ेज में वोटिंग हुई।

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर आज सुनवाई

## लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए बेल मांगी है, अभी तिहाड़ जेल में बंद हैं

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर शनिवार (20 अप्रैल) को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई होगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए जमानत मांगी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मनीष की याचिका पर सुनवाई करते हुए एउक्रऔर क्कको नोटिस जारी किया था। मनीष शराब नीति घोटाला केस में तिहाड़ में बंद हैं। सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। वहीं, क्कने 9 मार्च 2023 को एउक्रकी क्क्चट्ट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 28 फरवरी 2023 को सिसोदिया ने दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। सिसोदिया जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक याचिका लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उनकी याचिका खारिज हो गई। मार्च 2024 में सिसोदिया ने ट्रायल कोर्ट में दोबारा जमानत अर्जी लगाई है, जिस पर सुनवाई बाकी है। मनीष ने पत्नी की बीमार के आधार पर दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। लेकिन तब जस्टिस दिनेश शर्मा ने 3 जुलाई को कहा था कि आरोप बेहद गंभीर प्रकृति के हैं, इसलिए उन्हें 6 हफ्ते के लिए रिहा करना मुश्किल है।



### सुप्रीम कोर्ट भी खारिज कर चुका है मनीष की जमानत याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने भी दिल्ली के पूर्व डिप्टी एख्र मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि घोटाले से जुड़े कई सवालों के जवाब अभी नहीं मिले हैं। इनमें 338 करोड़ का लेन-देन हुआ है, जिसमें सिसोदिया की भूमिका संदिग्ध लग रही है। इसलिए याचिका खारिज की जाती है। कोर्ट ने जांच एजेंसियों को 6 से 8 महीने में ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने सिसोदिया को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच घर जाकर पत्नी से मिलने की इजाजत दी थी। उसमें हॉस्पिटल जाकर मिलने की परमिशन नहीं थी। इस वजह से सिसोदिया अपनी पत्नी से नहीं मिल सके और सात घंटे बाद वापस तिहाड़ जेल आ गए। मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया मल्टीपल स्केलेरोसिस नाम की बीमारी से पीड़ित हैं। इससे पहले भी दिल्ली हाईकोर्ट ने 30 मई को एउक्रकेस में सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि उपमुख्यमंत्री और उत्पाद शुल्क मंत्री होने के नाते, वह एक हाई-प्रोफाइल व्यक्ति हैं जो गवाहों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। हालांकि कोर्ट ने पत्नी से मिलने की इजाजत दे दी थी। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि जिस दिन सीमा सिसोदिया चाहें ।

## केजरीवाल बोले- 48 बार खाना आया, आम सिर्फ 3 बार

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय (क्क) ने गुरुवार 18 अप्रैल को आरोप लगाया था कि वे जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल ने राऊज एवेन्यु कोर्ट में शुगर लेवल की रेगुलर जांच और वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए डॉक्टर से परामर्श की याचिका लगाई थी। इस पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी, रमेश गुप्ता ने और क्ककी तरफ से



जोहेब हुसैन ने दलीलें दीं। सिंघवी ने कोर्ट में बताया कि केजरीवाल के घर से 48 बार खाना आया, उसमें से केवल 3 बार ही आम आए थे। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद क्कसे अपना जवाब दाखिल करने कहा। साथ ही फैसला 22 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया है। आप नेता संजय सिंह ने आरोप लगाया था कि भाजपा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मारने की साजिश रच रही है। भाजपा ने इस आरोप को निराधार बताया। भाजपा प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने कहा कि हम सभी उनकी (अरविंद केजरीवाल) की लंबी उम्र की कामना करते हैं। हम चाहते हैं कि उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे। तिहाड़ जेल प्रशासन को चाहिए कि वे अपने मरीज कैदियों की अच्छे से देखभाल करें। कोई भी सरकारी एजेंसी या जेल प्रशासन किसी कैदी की जिंदगी-स्वास्थ्य को खतरे में क्यों डालेगी? ईडी के मुताबिक केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में 18 दिन से बंद हैं और उन्हें घर का खाना खाने की परमिशन मिली है। कोर्ट ने इन आरोपों के बाद तिहाड़ जेल प्रशासन से केजरीवाल के खाने-पीने और दवाओं की रिपोर्ट मांगी थी। इधर, केजरीवाल ने जेल में इंसुलिन मुहैया कराने के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर की।

### राजस्थान में 12 सीटों पर 57.87 फीसदी मतदान

## पिछली बार से 5.84% कम वोटिंग; नागौर में मिर्धा-बेनीवाल समर्थक भिड़े, चूरू में पोलिंग एजेंट पर हमला

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को राजस्थान की 12 सीटों पर मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक 57.87 फीसदी मतदान हुआ। इनमें 57.26 ईवीएम और 0.61 पोस्टल बैलट से मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक वोटिंग फिगर का फाइनल आंकड़ा शनिवार सुबह आएगा। साल 2019 में इन सीटों पर 63.71 प्रतिशत मतदान हुआ था। ऐसे में इस बार 5.84 फीसदी मतदान कम हुआ। नागौर के कुचेरा में भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा और इंडिया गठबंधन (आरएलपी) के प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल के समर्थक भिड़ गए। कुचेरा नगर पालिका के अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा के सिर में चोट लगी। चूरू में सादुलपुर के गांव रामपुर रेणु गांव में फर्जी मतदान की शिकायत पर दो लोगों ने पोलिंग एजेंट का सिर फोड़ दिया। झुंझुनूं में भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी की सुरक्षाकर्मी से बहस हो गई। वहीं चूरू में विधायक हरलाल सहारण की पुलिसकर्मी से कहासुनी हो गई। उन्होंने पुलिसकर्मी को बाड़मेर ट्रांसफर कराने की धमकी तक दे डाली। इससे पहले वोट डालने के लिए लोगों में अच्छा-खासा उत्साह देखने को मिला था।

### फर्जी मतदान का आरोप, ग्रामीणों ने पोलिंग पार्टी को घेरा



भुसावर उपकोष कार्यालय में बने मतदान केंद्र संख्या 173 पर 6 बजे मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टी अंदर कागजी कार्रवाई कर रही थी। तभी कुछ लोगों ने आकर फर्जी मतदान का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया और नारेबाजी शुरू कर दी। जब पोलिंग पार्टी ने उनसे कहा कि वे आपके एजेंट की मौजूदगी में कागजी कार्रवाई कर रहे हैं, तो उन्होंने नहीं माना और पार्टी को घेर लिया। इसके बाद जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी जाब्ता और फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और समझाइश की, लेकिन जब लोग नहीं माने तो फोर्स ने हल्का बल का प्रयोग करते हुए खदेड़ दिया। इसके बाद पोलिंग पार्टी को सुरक्षा के साथ भरतपुर रवाना किया। हालांकि कुछ जगह लोगों ने स्थानीय समस्याओं के चलते मतदान का बहिष्कार भी किया था। यूके, कनाडा से भी अप्रवासी भारतीय(एनआरआई) वोट डालने पहुंचे थे। जयपुर के हवामहल से विधायक बालमुकुंद आचार्य सुबह 7 बजे ही वोट डालने पोलिंग बूथ पर पहुंच गए थे, 10 मिनट तक लाइन में लगने के बाद उन्हें पता चला कि वे गलत बूथ पर आ गए। इसके बाद उन्होंने दूसरे बूथ पर जाकर वोट डाला।

## कर्नाटक के कॉलेज में कांग्रेस नेता की बेटी की हत्या

■ संजीवनी टुडे

बेंगलुरु। कर्नाटक के हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में गुरुवार (18 अप्रैल) को कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की 23 साल की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। नेहा एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। उसी कॉलेज के एक ड्रॉपआउट स्टूडेंट फैयाज खोंडुनाईक (23) ने नेहा के गले, पेट सहित शरीर पर चाकू से 7 वार किए। हमले में फैयाज को भी चोटें आईं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां नेहा को मृत घोषित कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है,



जिसमें फैयाज नेहा पर हमला करता हुआ दिखा। पुलिस ने बताया कि नेहा और फैयाज एक दूसरे को पहले से जानते थे। दोनों बीसीए के दौरान क्लासमेट थे। नेहा ने उसका प्रपोजल ठुकरा दिया था, जिसके कारण फैयाज ने घटना को अंजाम दिया। हुब्बली-धारवाड़ की पुलिस कमिश्नर रेणुका एस सुकेमार ने कहा कि इस मामले में कल एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसके एक घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। हमने सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली है। आरोपी को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना शाम 5 बजे की है। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि नेहा कॉलेज कैंपस से बाहर जा रही थी। इसी दौरान फैयाज उसके सामने आ गया। दोनों के बीच पहले कुछ बातचीत हुई, इसके बाद फैयाज ने नेहा पर चाकू से हमला कर दिया। पहली बार चाकू लगते ही नेहा जमीन पर गिर गई। फिर फैयाज ने उस पर एक के बाद एक छह बार चाकू से वार किए। हमले के बाद फैयाज ने भागने की कोशिश की, लेकिन कुछ छात्रों ने उसका पीछा किया और पकड़ लिया। कॉलेज के स्टाफ और दूसरे स्टूडेंट्स नेहा को अस्पताल ले गए। हालांकि, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। फैयाज ने पूछताछ के दौरान बताया कि नेहा उसके साथ रिलेशनशिप में थे। कुछ दिनों से अचानक वह उससे दूर रहने लगी थी। इसलिए उसने घटना को अंजाम दिया।

### भारत ने पहली बार ब्रह्मोस मिसाइल एक्सपोर्ट की

## फिलीपींस को पहली खेप सौंपी, साउथ चाइना सी में तैनात होंगी; 3130 करोड़ में डील

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप शुक्रवार (19 अप्रैल) को सौंप दी। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए 375 मिलियन डॉलर (3130 करोड़ रुपए) की डील की थी। भारत ने फिलीपींस को कितनी मिसाइलें दीं, अभी इसका पता नहीं चला है। इंडियन एयरफोर्स ने ए-17 ग्लोब मास्टर विमान के जरिए इन मिसाइलों को फिलीपींस मरीन कॉर्प्स को सौंपा। इन मिसाइलों की स्पीड 2.8 मैक और मारक क्षमता 290 किमी है। एक मैक ध्वनि की गति 332 मीटर प्रति सेकेंड होती है। फिलीपींस को सौंपी गई मिसाइल की स्पीड ध्वनि की गति से 2.8 गुना ज्यादा है। फिलीपींस को उस समय मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी मिली है, जब उसके और चीन के बीच साउथ चाइना सी में तनाव बढ़ा हुआ है। फिलीपींस ब्रह्मोस के 3 मिसाइल सिस्टम को तटीय इलाकों (साउथ चाइना सी) में तैनात करेगा, ताकि चीन के खतरे से निपटा जा सके। ब्रह्मोस के हर एक सिस्टम में दो मिसाइल लॉन्चर, एक रडार और एक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर होता है।





### डील से भारत को होने वाले फायदे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलीपींस के साथ यह डील देश को रक्षा क्षेत्र में एक्सपोर्टर बनाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने में मदद देगी। इस डील से मिलिट्री इंडस्ट्री का भी मनोबल बढ़ेगा और साउथ-ईस्ट एशिया में भारत को भी एक बड़ा भरोसेमंद एक्सपोर्टर के रूप में देखा जाएगा। साथ ही इस डील से भारत-फिलीपींस के रिश्तों में मजबूती आएगी और चीन को दोनों देशों की एकजुटता का संदेश जाएगा। इसके जरिए सबमरीन, शिप, एयक्राफ्ट से दो ब्रह्मोस मिसाइलें 10 सेकेंड के अंदर दुश्मन पर दागी जा सकती है। इसके अलावा भारत फिलीपींस को मिसाइल ऑपरेट करने की भी ट्रेनिंग देगा। फिलीपींस की चीन के साथ हाल ही में साउथ चाइना सी में कई बार झड़प हुई है। ब्रह्मोस मिसाइलों से समुद्र में फिलीपींस की ताकत बढ़ेगी और समुद्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को भी रोका जा सकेगा।ब्रह्मोस एयरोस्पेस के डायरेक्टर जनरल अतुल दिनाकर राणे ने जून 2023 में कहा था- अर्जेंटीना, वियतनाम सहित 12 देश ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को खरीदने में इंटरेस्ट दिखा चुके हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत आज भींडर में, चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आंजना के समर्थन में करेंगे जनसभा

■ संजीवनी टुडे

निंबाहेड़ा। चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के लोकप्रिय एवं किसान प्रत्याशी उदय लाल आंजना के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र के भींडर में आम सभा को सम्बोधित करेंगे। उदयपुर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी एवं पूर्व विधायक प्रीति सिंह शक्तावत ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान केसरी कांग्रेस प्रत्याशी उदय लाल आंजना के समर्थन में राजस्थान सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भींडर में स्थित सवना बावजी की पावन धरा पर दोपहर 1 बजे पधारकर आयोजित चुनावी आम सभा को सम्बोधित करेंगे एवं चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में किसान पुत्र कांग्रेस प्रत्याशी उदय लाल आंजना के पक्ष मे अधिकाधिक मतदान कर विजय श्री का आशीर्वाद प्रदान करने की अपील करेंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत, मावली विधायक पुष्करलाल डांगी, चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी, उदयपुर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी, प्रतापगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह राणावत,पूर्व विधायक बेगूं राजेंद्र विधूड़ी, पूर्व विधायक प्रतापगढ़ रामलाल मीणा, पूर्व विधायक कपासन शंकरलाल बेरवा, पूर्व विधायक वल्लभनगर प्रीति गजेंद्रसिंह शक्तावत, सरस डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट, प्रतापगढ़ जिला प्रमुख इंदिरादेवी मीणा सहित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों, ज़िला कांग्रेस पदाधिकारियों, समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों, पंचायत समिति के प्रधानों एवं उपप्रधानों, नगरपरिषद एवं नगरपालिकाओं के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, ज़िला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों, सरपंच गणों, पार्षदों एवं युवा कांग्रेस, गट्ठक्र महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, ऋाड्ढठए, सेवा दल सहित सभी अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण ने लोकसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में विशाल आम सभा में पधारकर किसान नेता उदय लाल आंजना के हाथ मजबूत करें एवं लोकसभा चुनाव में किसान राज के लिए कांग्रेस पार्टी को विजय श्री का आशीर्वाद प्रदान करें।



## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा 21 को निंबाहेड़ा में, कांग्रेस प्रत्याशी आंजना के समर्थन में करेंगे रोड़ शो एवं जनसभा को सम्बोधित

लोकसभा चुनाव में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के लोकप्रिय एवं किसान प्रत्याशी उदय लाल आंजना के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा 21 अप्रैल रविवार को निंबाहेड़ा में रोड़ शो करेंगे एवं बस स्टैंड पर आयोजित विशाल आम सभा को सम्बोधित करेंगे। चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान केसरी कांग्रेस प्रत्याशी उदय लाल आंजना के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा मेवाड़ की पावन धरा पर पधार रहे हैं। डोटासरा रविवार निंबाहेड़ा के डॉ भीमराव अम्बेडकर कॉलेज मैदान में स्थित अस्थाई हेलीपेड पर हेलीकॉप्टर द्वारा निंबाहेड़ा में आगमन करेंगे एवं निंबाहेड़ा के बस स्टैंड पर आयोजित विशाल आम सभा को सम्बोधित कर किसानों के साथी कांग्रेस प्रत्याशी उदय लाल आंजना को लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान कर विजय श्री का आशीर्वाद प्रदान करने की अपील करेंगे। निंबाहेड़ा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सम्पत धाकड़ एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा दोपहर 2:30 बजे नगर के डॉ भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय मैदान में अस्थाई हैलीपेड पर आगमन करेंगे। तत्पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं विशाल वाहन रैली के रूप में कॉलेज मैदान से इशक्काबाद, नाकोड़ा नगर से खख दीवार होते हुए कल्याण चौक, विवेकानंद सरकार, नूरमहल रोड, कैची चौराहा, चंदन चौक, परशुराम सर्किल, मंडी चौराहे तक रोड़ शो करते हुए बस स्टैंड स्थित सभा स्थल पर डोटासरा जी को लेकर आएंगे। रोड़ शो के दौरान डोटासरा जी नगरवासियों से लोकसभा चुनाव में भाजपा का कुशासन समाप्त करने हेतु कांग्रेस प्रत्याशी उदय लाल आंजना के पक्ष में अधिकाधिक मतदान करने की अपील करेंगे।



# खबरें फटाफट

## होम वोटिंग : शुक्रवार को 381 वरिष्ठजन व 70 दिव्यांगजन ने निभाया फर्ज

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत दूसरे चरण के मतदान को लेकर 14 अप्रेल से जारी होम वोटिंग प्रक्रिया में उदयपुर जिले में शुक्रवार को 381 वरिष्ठजन व 70 दिव्यांगजन ने लोकतंत्र के प्रति अपना फर्ज निभाया। होम वोटिंग प्रकोष्ठ प्रभारी तरू सुराणा ने बताया कि शुक्रवार को होम वोटिंग टीमों ने घर-घर जाकर 85 वर्ष से अधिक आयु के 391 वरिष्ठ नागरिक व 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले चिन्हित 70 दिव्यांगजन से मतदान करवाया। जिले में अब तक 3007 बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन होम वोटिंग सुविधा का लाभ ले चुके है। होम वोटिंग का प्रथम चरण 21 अप्रैल तक रहेगा। इसमें प्रतिदिन मतदान दल आवंटित रूट चार्ट के अनुरूप घर-घर जाकर मतदान कराएंगे।

## चाइल्ड हेल्पलाइन ने रूकवाया बाल विवाह

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना प्राप्त हुई कि एक बालिका का बाल विवाह 20 अप्रैल को होने जा रहा है, कॉलर द्वारा बताया गया कि धमलात फला तहसील गामड़ी अहाड़ा में एक बालिका का बाल विवाह करवाया जा रहा है, उसे मदद की आवश्यकता है। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक पिंकी मीणा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा ने इसकी सूचना जिला प्रशासन व पुलिस को दी, जिसके बाद गिरदावर, पटवारी गामड़ी अहाड़ा, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस थाना रामसागड़ा एवं सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में बालिका का बाल विवाह रूकवाया जिसमें बालिका के दस्तावेज की जांच के आधार पर बालिका नाबलिक पाई गई। जिसका बाल विवाह रूकवाया गया। बालिका के परिजन को बाल विवाह नहीं कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा मौके पर पाबंद किया गया। इस अवसर पर गिरदावर हरिश डामोर, पटवारी छगन आमलिया, पुलिस थाना के हितेन्द्र सिंह, हरिश कुमार, अर्चना मनात, सुरेन्द्र ढोली, राजेन्द्र कटारा सहित अन्य मौजूद रहे।

## बैंड के माध्यम से स्कूली बच्चों ने दिया मतदान का संदेश



■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। नगर परिषद द्वारा फव्वारा चौक पर शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें तीन विद्यालयों आलोक स्कूल, लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल और नवोदय स्कूल के छात्रों द्वारा बैंड के माध्यम से मतदान का संदेश दिया गया। साथ ही मतदान की शपथ भी दिलाई गई। बच्चों को इस तरह बैंड बजा कर मतदान के लिए आमजन को प्रेरित करते हुए देखने के लिए लोग भी अपने प्रतिष्ठानों से बाहर निकले। इस दौरान नगर परिषद के अधिशासी अभियंता तरुण कुमार बाहेती, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रवींद्र तोमर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। राजसमंद जिले में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल, शुक्रवार को निर्धारित है। ऐसे में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. भंवर लाल ने मतदान तिथि 26 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को राजसमंद जिले में अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश अनुसार जिले के अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सभी कार्यालयों में भी अवकाश रहेगा। जारी आदेश अनुसार जिले में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, औद्योगिक उपक्रमों, व्यापार, कारोबार में कार्यरत श्रमिकों को मतदान दिवस पर सवेतन अवकाश दिया जाएगा।

## जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने आमजन व प्रवासी मतदाताओं से की मतदान की अपील

■ संजीवनी टुडे

जालोर। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ नें 26 अप्रैल 2024 मतदान दिवस पर आम जन से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करी। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने वीडियो जारी कर दिया मैसेज। दूसरे फ़ेज की वोटिंग को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने जालौर सिरोही की जनता व प्रवासी मतदाता को मारवाड़ पहुंच कर मतदान करने की अपील की है। दूसरे चरण के लिए लोकसभा चुनाव को अब एक सप्ताह से भी कम दिन बचे हैं। जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिला प्रशासन अधिक से अधिक मतदान करने की तैयारी में लगा हुआ है। वहीं शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने वीडियो जारी कर मतदाता व जालौर सिरोही लोक सभा क्षेत्र के प्रवासी मतदाताओं को 26 अप्रैल को मारवाड़ आकर मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की है।

# जिला कलक्टर ने किया सायरा क्षेत्र का दौरा



■ संजीवनी टुडे

## दूरस्थ मतदान केंद्र कुर्रा तथा सीएचसी का निरीक्षण, दिए निर्देश

उदयपुर। जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल शुक्रवार को जिले के सायरा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने दूरस्थ मतदान केंद्र कुर्रा का निरीक्षण किया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी जायजा लिया। जिला कलक्टर पोसवाल शुक्रवार को सायरा पहुंचे। वहां से तहसीलदार कैलाश इनाडिया, विकास अधिकारी शैलेंद्र जोशी सहित अन्य के साथ कुंभलगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र में स्थित दूरस्थ मतदान केंद्र राजकीय विद्यालय कुर्रा पहुंचे। केंद्र पर कुल 1250 मतदाता पंजीकृत हैं। जिला कलक्टर ने मतदान केंद्र तक के पहुंच मार्ग तथा अपेक्षित सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने राजकीय विद्यालय कुर्रा में चल रहे अध्ययन का भी अवलोकन किया। विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षिक स्तर की जानकारी ली। इसके पश्चात जिला कलक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायरा पहुंचे। सीएचसी के सभी वार्डों का अवलोकन करते हुए ओपीडी और इनडोर में भर्ती मरीजों के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी चिकित्साधिकारी से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं तथा समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने मौसमी बीमारियों को लेकर सीएचसी स्तर पर आवश्यक प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए।

## मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभारी अधिकारी स्वीप गतिविधियां बढ़ाएंः मुख्य कार्यकारी अधिकारी

■ संजीवनी टुडे

करौली। लोकसभा चुनाव के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित गतिविधियों के लिए प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभानु चारण ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों का उद्देश्य मतदाता को 19 अप्रेल को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित करना है, प्रभारी स्वीप गतिविधियों को पूर्ण मनोयोग से करें, जिससे लोकसभा चुनाव में पिछले चुनाव की अपेक्षा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सफलता मिल सके। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों का उद्देश्य मतदाता को मतदान केंद्र तक लाना है जिसके लिए कार्य योजना बनाकर पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने मतदाता जागरूकता को अभियान के रूप में लेकर ई-शपथ, बच्चों द्वारा माता-पिता को पत्र, रैली, माइग्रेन वोटर्स को बुलावा पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की विभिन्न माध्यमों से आम जनता तक पहुंच की आवश्यकता बताते हुए पिछले चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र की पहचान कर उनमें कार्य योजना बनाकर जागरूकता के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सेक्टर प्रभारियों को मतदाता जागरूकता के लिए कर्मचारी नियुक्त कर लगभग 100 मतदाताओं से संपर्क कर मतदान के लिए प्रेरित के निर्देश प्रदान किये। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, एमसीएमसी सेल, रसद विभाग, स्काउट, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पोस्ट ऑफिस, रोडवेज, आईटी, कृषि उपज मंडी से स्वीप गतिविधियों की समीक्षा कर प्रदूषण मुक्त चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर साफ सफाई सहित व्यवस्थित रखने की अपेक्षा जताई।

# विभिन्न संस्थान-कार्यालयों में हुई स्वीप गतिविधियां

■ संजीवनी टुडे



उदयपुर। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए आमजन को प्रेरित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार पोसवाल के निर्देशन स्वीप गतिविधियां जारी है। शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पुरोहितों की मादडी स्थित आईटीकंपनी फ्यूजन में जिला स्वीप प्रभारी श्रीमती कीर्ति राठौड़ ने युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाते हुए अधिक से अधिक मतदान की अपील की। कवि अजातशत्रु ने अपनी कविताओं से सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। साइफन श्रमिक बन्धुओ को मतदान की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता के तहत सतरंगी सप्ताह की फ़्लैश मोब थीम के अंतर्गत लेकसिटी मॉल में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक किया गया। भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित मतदान जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. सीमा नरूका ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताते हुए अपने मत का सही प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही 'रेडी टू वोट 'की मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया। ट्रांसपोर्ट नगर देबारी में स्थित ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के नए ऑफिस में स्वीप समन्वयक नरेश सुहालका ने सभी से मतदान की अपील की। डबोक में उदयपुर सीमेंट फ़ेक्ट्री में लगभग 200 श्रमिको एवं कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। एफएम तड़का द्वारा सेक्टर 5 स्थित मिरिंडा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। साथ ही आरजे अर्पित ने 100 विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई।

# बाल विवाह किया तो जाना पडे़गा जेल: देवाराम




■ संजीवनी टुडे

घाणा-आहोर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अपर जिला व सैशन न्यायधीश वीरेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत घाणा के ग्राम बरवां मे नरेगा कार्यस्थल पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के पीएलवी देवाराम ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह कानूनी अपराधहै,बाल विवाह किया तो जाना पडेगा-जेल। पीएलवी ने बताया कि ऐसा विवाह जिसमे लड्के की आयु 21 वर्ष से कम हो या लड्की की आयु 18 वर्ष से कम हो तो यह बाल विवाह है।बाल विवाह होने की स्थिति मे जो भी व्यक्ति,व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप से बाल विवाह करायेगा या किसी भी रूप मे शामिल होगा जैसे ( बाराती,घराती,रिश्तेदार, पंडित, हलवाई, टेन्ट, लाईट, बैण्ड बाजे,फोटोग्राफर व खाने वाले) सभी कानून के दायरे मे आयेंगे।बाल विवाह करने पर 2 साल की कैद या 1 लाख जुर्माना या दोनो सजाओं का प्रावधान है। बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए कहा कि बाल विवाह के कारण बच्चौ के मूलभूत अधिकारो का हनन होता है,शारीरिक और मानसिक विकास रूक जाता है,जीवन जीने के अधिकार का हनन होता है,मानसिक रूप से परिपक्व न होने व कम उम्र मे गर्भधारण करने से शिशु मृत्यु दर व मातृ मृत्यु दर जैसे गंभीर परिणाम हो सकते है।।अतः आप सभी से निवेदन है कि सभी लोग मिलकर बाल विवाह रोको अभियान चलाएं और बाल विवाह पर रोक लगाएं।हर माता-पिता संकल्प ले एवं एक दुसरे को संकल्प दिलाए, बाल विवाह नही करेंगे और नही होने देंगे, जिससे बच्चौ की सुरक्षा व सुखमय जीवन का मार्ग प्रशस्त हो सके।अगर कहीं पर भी बाल विवाह होता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर की वाट्स्अप हेल्पलाइन नम्बर 8306002126 पर सूचना दे सकते है,सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।। शिविर मे लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, प्रिलिटिगेशन,श्रमिकों के अधिकार सहित विभिन्न नालसा योजनाओ की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। । शिविर मे मेट भंवरसिंह राजपुरोहित, मानसिंह राजपूत एवं सामाजिक कार्यकर्ता जीवाराम पटेल,राजुराम डांगी सहित नरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।

## शनिवार को कांग्रेस की जन दर्शन यात्रा पहुंचेगी कपासन एवं मावली विधानसभा क्षेत्र में

■ संजीवनी टुडे

निंबाहेड़ा। किसान केसरी नेता कांग्रेस प्रत्याशी उदय लाल आंजना की जनदर्शन यात्रा शनिवार को कपासन एवं मावली विधानसभा क्षेत्र में पंहुचेगी। आंजना क्षेत्र के विभिन्न गांवऽढाणियों में आम जन से सीधा संवाद कर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को विजय श्री दिलाने की अपील करेंगे। मावली विधायक पुष्कर डांगी एवं पूर्व विधायक शंकर लाल बैरवा ने बताया कि किसान केसरी लोकप्रिय कांग्रेस प्रत्याशी उदय लाल आंजना शनिवार को कपासन, मावली विधानसभा क्षेत्र के गांव नामरी+ सालेरा कला, सुरपुर, नपानिया, रेवलिया, कंथारिया, कुंथना, पीपलवास, भादसोड़ा, बानसेन, बांगुड़, आक्या, लेसवा, पोटला में आम जन से रूबरू होंगे और लोकसभा चुनाव में भाजपा के कुशासन को समाप्त कर कांग्रेस पार्टी के सुशासन के लिए अपील करेंगे। चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी एवं उदयपुर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने बड़ी कपासन एवं मावली विधानसभा क्षेत्र के समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है उक्त कार्यक्रम में कपासन एवं मावली विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेसजन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगण, ज़िला परिषद एवं पंचायत समिति के सदस्य गण, विभिन्न गांवों के सरपंच गण, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

## दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए मतदान दिवस पर स्काउट गाइड बनेंगें दिव्यांग मित्र



■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत मतदान दिवस पर स्काउट गाइड दिव्यांग मित्र बनकर करेंगें दिव्यांग मतदाताओं की सहायता। सी.ओ. स्काउट सुनील कुमार सोनी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिलें में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के 02 वालियन्टर प्रत्येक बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए लगाया गया है। इस संबंध में इन वालियन्टयर्स का ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन आसपुर, बिछीवाड़ा, साबला, सागवाड़ा, डूंगरपुर, गलियाकोट, सीमलवाड़ा, चिखली में आयोजन किया गया। वालियन्टर प्रशिक्षण के दौरान दिव्यांग मतदाताओं को पैदल, व्हीलचेयर और स्ट्रेचर के माध्यम से मतदान केंद्र पर लाना और ले जाना, पीने के पानी की व्यवस्था, पंक्तिबद्ध रूप से खड़े होने की व्यवस्था, आदि में सहयोग करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सीबीईओ आसपुर नवीन प्रकाश जैन, सीबीईओ सागवाड़ा नरेन्द्र भट्ट, सीबीईओ साबला कुलदीप जैन, ने स्काउट गाइड को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण दल में जमनालाल चौबीसा, सोहनलाल भगोरा, भैरूलाल कटारा, विष्णु कुमार एकोत, सूरज पारगी, ब्लॉक वार स्काउटर गाइडर प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है। मतदान दिवस पर सभी स्काउट गाइड यूनिफार्म में रहेंगे।

## 21 को सराडा मे रामोत्सव कार्यक्रम की मचेगी धूम



■ संजीवनी टुडे

सराडा। चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के उपलक्ष में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सराडा में रामोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। रामोत्सव समारोह समिति एवं सराडा ग्रामवासियों के अनुसार 21 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से हनुमान जी मंदिर लाल सागर तालाब सराडा से विशाल शोभायात्रा एवं कलश यात्रा प्रारंभ होगी जो पटेल मोहल्ला,बस स्टैंड, गांधी चौक,मुख्य बाजार,सहित गांव के गली मोहल्ले से गुजरते हुए होली चौक पहुंचेगी जहां से वापस लाल सागर तालाब के पास मैदान में पहुंचेगी।जहां पर धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा।जिसमें कटावला मट के मठाधीश हितेश्वरानंद सरस्वती,पशुपतिनाथ धोलागढ़ धाम पीठाधीश्वर एवं रूद्र वाहिनी संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधुत महंत योगी प्रकाशनाथ,पाण्डर मठ महंत शंभू गिरी महाराज के आशीर्वचन व अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संरक्षक व स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामचंद्र खराडी का सानिध्य प्राप्त होगा। वही विभिन्न गाँवों मे कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया है।वही कार्यक्रम को लेकर गांव के गली मोहल्लों एवं मुख्य बाजार को भगवा पताकाओं की फरियों,भगवा पताकाओं से सजाया गया है एवं दरवाजे लगाए गए हैं वही कार्यक्रम को लेकर हर कोई आतुर नजर आ रहा है।गाँव के मुख्य चोराये पर कार्यक्रम के पोस्टर लगाये गये है।

# किसानों पर कहर बनकर टूटी बेमौसम बारिश, गेहूं की फसल को नुकसान, महंगी हो सकती है रोटी

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। जिले में पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी गेहूं की क्वालिटी में गिरावट आई है। इसके कारण समर्थन मूल्य पर खरीद नहीं हो रही है। खरीद में शिथिलता देने लिए पत्र लिखा है। जिले में अब तक 90 प्रतिशत फसलों की कटाई हो चुकी है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अनुसार प्रदेश में आएमएस 2024-25 के दौरान समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद की जा रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए पंजीयन का कार्य 20 जनवरी से जारी है। वर्तमान में रजिस्ट्रेशन के साथ खरीद जारी है। जिले में गेहूं की फसल की कटाई जारी है। अब तक 90 प्रतिशत गेहूं की कटाई हो चुकी है, लेकिन कटाई के बाद फसलें खेतों में पड़ी है। गत दिनों हुई बेमौसम बारिश के कारण कई जगह गेहूं चमकहीन हो गया है। इसके कारण समर्थन मूल्य पर खरीद में परेशानी हो रही है। इससे किसानों भी हताश और निराश हो रहे हैं। हालांकि उक्त समस्या के समाधान के लिए जिला रसद अधिकारी को पत्र लिखकर जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार की ओर से खरीद में शिथिलता प्रदान करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 4 अप्रेल से कांकरोली स्थित खरीद केन्द्र पर गेहूं की खरीद की जा रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए 2400 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन कांकरोली में३ जिले में सर्वाधिक कांकरोली में 96 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इसी प्रकार कुंवारिया में 10, नाथद्वारा में तीन, पीपली डोडियाना में 18, मदारा में 8, रेलमगरा में 4, कुरज 12 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसी प्रकार ओड़ा में एक और राज्यावास 05 में रजिस्ट्रेशन हुए हैं। कोटड़ी में एक भी रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। इसमें से कांकरोली केन्द्र पर 1992.50 क्विंटल एवं मदारा स्थित खरीद केन्द्र पर 66 क्विंटल की खरीद की गई है। 157 किसानों ने खरीद के लिए कराया रजिस्ट्रेशन, 2058 क्विंटल की हुई खरीद बारिश ने किया हाल खराब गेहूं की बिक्री के लिए ट्रेक्टर लेकर आया हूं। गेहूं कटाई के बाद खेतों में पड़ा था, बारिश के कारण गेहूं चमकहीन हो गया है। अब समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए आया हूं। ऽ रामलाल कुमावत, काश्तकार शिथिलता दी जानी चाहिए बेमौसम बारिश ने काश्तकारों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटाई के बाद गेहूं पड़ा है। इसके कारण क्वालिटी खराब हो रही है। समर्थन मूल्य पर खरीद पर शिथिलता मिलनी चाहिए। ऽ मांगीलाल कुमावत, काश्तकार क्वालिटी में आई गिरावट, शिथिलता के लिए लिखा पत्र समर्थन मूल्य पर खरीद जारी है। बेमौसम बारिश के कारण क्वालिटी में गिरावट आई है।



समर्थन मूल्य पर खरीद में शिथिलता की मांग को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से पत्र लिखा गया है। अन्य6 जिलों में भी कमेटी ने निरीक्षण किया है। खरीद में शिथिलता मिलने पर खरीद में और तेजी आने की उमीद है।

सुरेन्द्र नाथावत, किस्म निरीक्षक
कृषि उपज मंडी, कांकरोली

# रात दो बजे तक जिले के अंतिम छोर तक घूम कर व्यवस्थाओं का जायजा करते रहे कलक्टर और एसपी

■ संजीवनी टुडे

## जिला कलक्टर डॉ भंवर लाल और एसपी मनीष त्रिपाठी ने देर रात तक किया विभिन्न चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण



राजसमंद। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में पुलिस और प्रशासन की ओर से पूर्ण गंभीरता देखी जा रही है। जिला कलक्टर डॉ भंवर लाल और एसपी मनीष त्रिपाठी एक टीम के रूप में हर व्यवस्था को बारीकी से देख रहे हैं। कलक्टर और एसपी गुरुवार को देर रात दो बजे तक फील्ड में रहे और नाकों पर जाकर चेकिंग सहित अन्य गतिविधियों को देखा। उन्होंने विशेष रूप से भीलवाडा बॉर्डर स्थित टापरिया खेड़ी चेक पोस्ट और चित्तौड़गढ़ बॉर्डर स्थित गिलुंड चेक पोस्ट पर जाकर व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही एफएसटी, एसएसटी टीमों के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वाहनों की चेकिंग, अब तक जब्त सामग्री, रजिस्टर आदि को देख आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलक्टर-एसपी ने अधिकारियों से कहा कि इसी तरह पूरी मुस्तैदी से निगरानी करते रहें, तब ही जिले में शांतिपूर्ण मतदान संभव है। कलक्टर-एसपी द्वारा देर रात तक ग्राउंड जीरो पर व्यवस्थाओं का आंकलन करना प्रशासनिक अमले में चर्चा का विषय बना रहा। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि चुनावी दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता और निष्ठा के साथ करें क्योंकि यह लोकतंत्र का महापर्व है। उल्लेखनीय है कि राजसमंद संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होना है जिसमें कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में प्रशासनिक सक्रियता भी कई गुना बढ़ गई है।

## खबरें फटाफट

### नंगवाडा बने मसूदा विधानसभा अध्यक्ष इकबाल बिजयनगर शहर अध्यक्ष

■ संजीवनी टुडे



विजयनगर। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई आदेशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत के निर्देशानुसार ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी ने कांग्रेस सेवादल के मसूदा विधानसभा अध्यक्ष पद पर बिजयनगर निवासी रामलाल नंगवाडा को व इकबाल हुसैन को बिजयनगर शहर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। लोकसभा चुनाव 2024 मे कांग्रेस प्रत्याक्षी रामचंद्र चौधरी को अपने क्षेत्रो मे शीध्र कार्यकारणी बनाकर गांव-गांव हर एक बूथ स्तर पर न्याय पत्र योजना की गारंटी हर घर घर पहुंचा कर कांग्रेस पार्टी और सेवादल को मजबूत करेगें।

### पैदल घर जा रहे युवक की बाईक की टक्कर से मौत

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। सलूम्बर जिले के सराड़ा थाना क्षेत्र में खेत से पैदल ही अपने घर पर जा रहे एक युवक की बाईक की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कन्हैयालाल (44) पुत्र गोविन्द राम पटेल निवासी सराड़ा जो गुरूवार - को अपने भाई के साथ खेत से अपने घर जा रहा था। इस दौरान पीछे से एक तेजगति में बाईक आई और इसे टक्कर मार दी, जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### फलासिया इलाके में ससुराल गए युवक की पैर हत्या कर शव को फेंका, तीन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिले के फलासिया थाना क्षेत्र में अपने ससुराल गए एक युवक की हत्या कर शव को सड़क पर फैंक दिया। मृतक के पिता ने तीन युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार मुकेश पुत्र लक्ष्मण मीणा निवासी 16 अप्रैल को ससुराल गांव घाटा फला समलाई पानवा मे उसके बड़े ससुर भूरा पुत्र हकरा जी दरंगा के लडके ईश्वर दरंगा के शादी होने से कार्यक्रम जाने के लिए घर से निकला था, जो उसके ससुराल में कार्यक्रम में भाग लेकर वापस अपने घर गरणवास आने के लिए निकला था, लेकिन रात को घर पर नही आया और दूसरे दिन 17 अप्रैल को सुबह पता चला कि पुत्र मुकेश कि लाश लाला देवी कि घाटी मे उनाली बोर में सड़क पर पड़ी है। इस पुलिस ने मृतक के पिता लक्ष्मण को बताया। मृतक का पिता लक्ष्मण गुजरात मोरबी कि तरफ मजदुरी के लिए गया हुआ था। जो मोरबी से गांव आया। मृतक के पिता ने विरेन्द्र उर्फ विकास पुत्र कैलाश निनमा, हरिश कुमार पुत्र शंकरलाल भगोरा निवासी गरणवास और एक अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल का आज झाड़ोल में दौरा ओड़ा गांव में सभा को करेंगे सम्बोधित

■ संजीवनी टुडे

फलासिया।लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की झाड़ोल विधानसभा में पहली बड़ी आमसभा को सम्बोधित जानकारी अनुसार झाड़ोल विधानसभा क्षेत्र के ओड़ा गांव के खेल मैदान में उदयपुर लोकसभा सांसद प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमसभा को संबोधित करेंगे जिनके साथ जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी जिला प्रमुख ममता कुंवर लोकसभा संयोजक प्रमोद सामर प्रदेश कार्यसमिति भंवरसिंह पवार देहात जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्तसिंह चौहान पूर्व देहात जिलाध्यक्ष गुणवन्त सिंह झाला ओगणा मंडल अध्यक्ष तख्तसिंह सोलंकी फलासिया मंडल अध्यक्ष भोपालसिंह शक्तावत झाड़ोल मंडल अध्यक्ष नीलमराज पुरोहित मामेर मंडल अध्यक्ष मालाराम कोटड़ा मंडल अध्यक्ष निर्मल गरासिया ने अधिक अधिक लोगो एकत्रित करने अपील की।

### किशोरी ने फंदा बनाकर की आत्महत्या

■ संजीवनी टुडे

लसाड़िया। लसाडिया पुलिस थाना क्षेत्र में किशोरी ने फंसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। थाना अधिकारी हर्ष राज सिंह शक्तावत ने बताया कि गुरुवार शाम को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के धोलिया के कुंडा फल में एक घर में एक किशोरी ने फंसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर एएसआई राम सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। शव को उतार कर सीएससी लसाडिया की मोर्चरी में रखवाया। जहां शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मृतका का नाम पप्पुडी पुत्री प्रकाश मीणा उम्र 15 वर्ष निवासी कुंडा फला धोलिया बताई गई। अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मतदाता जागरूकता के लिए ऑनलाइन निर्वाचन प्रश्नोत्तरी व स्लोगन प्रतियोगिता प्रारम्भ

■ संजीवनी टुडे

### प्रथम तीन-तीन विजेताओं को मिलेगा कलक्टर के साथ कॉफी का अवसर



उदयपुर। लोकसभा चुनाव 2024 के अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढाने एवं मतदाताओं को जागरूक कर उनकी सहभागिता बढ़ाने के हरसम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद पोसवाल के निर्देशन में नवाचार करते हुए सोशल मीडिया सेल की ओर से मतदान से जुड़ी ऑनलाइन निर्वाचन क्विज एवं स्लोगन प्रतियोगिता प्रारम्भ की गई है। इन प्रतियोगिताओं में आसान से सवालों का जवाब देने वाले और मतदाता जागरूकता से जुड़े बढ़िया सा स्लोगन लिखने वाले प्रथम तीन-तीन विजेताओं को जिला कलेक्टर के साथ कॉफी पीने का मौका ल्लकॉफी विद कलक्टरङ्क का अवसर प्राप्त होगा। स्वीप प्रभारी जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ ने शुक्रवार को ऑनलाइन प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सोशल मीडिया सेल प्रभारी शीतल अग्रवाल एवं कार्मिक सेल सह प्रभारी मजहर हुसैन मौजूद थे। सुश्री अग्रवाल ने बताया कि यह ऑनलाइन प्रतियोगिता लोकसभा क्षेत्र में निवासरत सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए है।

वेब एप डिस्ट्रीक्ट उदयपुर डॉट इन पर जाकर क्लिक करने से दोनों प्रतियोगिता के लिंक खुल जाते हैं। इसके पश्चात अपनी डिटेल एंट्री कर इस प्रतियोगिता में भाग लिया जा सकता है। उन्होने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को ऑनलाइन प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रथम तीन-तीन विजेताओं को जिला कलक्टर के साथ कॉफी पर भेंट का अवसर प्राप्त होगा। यह प्रतियोगिताएं मतदान दिवस 26 अप्रैल तक ऑनलाइन जारी रहेंगी। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं की चुनाव प्रक्रिया में सहभागिता बढ़ाने के प्रयास के तहत स्वीप गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। साथ ही नवाचारों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

### खेत खलिहानों में मतदाता पर्चियां बाँटने पहुँचें बीएलओ

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रेल को होना है, इसके लिए मतदाता पर्चियां बांटने के लिए बूथ लेवल अधिकारी चुनावी कार्य पूरे मनोयोग से निर्वहन कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र मावली के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मनसुख डामोर ने बताया कि क्षेत्र में बीएलओ मतदाता पर्चियां वितरित करने के लिए न केवल हर मतदाता तक पहुंचकर पर्चियां बांट रहे हैं, बल्कि मतदाता पर्चियां बांटने के लिए उनके खेत खलिहानों में भी पैदल पहुंचकर पर्चियां बांटकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। मावली में भाग संख्या 246 के बीएलओ मुकेश पालीवाल ने डबोक स्थित रेला मोती खेड़ा में मतदाताओं को उनके कार्यस्थल एवं खेतों में जाकर मतदाता पर्चे वितरित किये। बीएलओ पालीवाल ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि जिस प्रकार हम मतदाता पर्ची लेकर आपके पास आए है उसी प्रकार आप सभी मतदान दिवस पर प्राथमिकता के साथ निर्धारित मतदान केन्द्र पहुचे।

### शादी समारोह में खाना खाने से 50 अधिक ग्रामीण उल्दी दस्त के शिकार



■ संजीवनी टुडे

नयागांव।उदयपुर जिले नया गांव तहसील के मोडीवासा गांव शादी समारोह खाना खाने गांव के ही 50 अधिक लोग हुए उल्टी दस्त के शिकार हो गए। जिसमे 10 बच्चे सहित महिला भी शामिल थे। बच्चे और महिलाओं का इलाज डूंगरपुर जिला अस्पताल जारी है। जानकारी अनुसार मोडीवासा गांव में दुलहन कामिनी का बुधवार को मंडप समारोह 100 से अधिक लोगो का खाना समारोह था। समरोह में लापसी,चावल और दाल बनाई गई। जिसे गांव के लोगो ने मंडप का भोज करने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ी पर निजी अस्पताल भर्ती करवाया गया। जहा गुरुवार देर रात्रि को सभी बीमार लोगो की तबीयत ज्यादा बिगड़ने से गांव में हंगामा मच गया। मौके पर गांव के सरपंच ईश्वर लाल डामोर ने बीमार महिला पर बच्चो को निजी वाहन ओर चार 108 एंबुलेंस की मदद से पहले सामुदायिक केंद खेरवाड़ा,छाणी,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयागांव अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहा 20 ग्रामीणों को ज्यादा तबीयत बिगड़ी गई। जिसमे 10 छोटे बच्चे और 10 महिलाएं शामिल है। 20 को देर रात्रि को डूंगरपुर जिला अस्पताल में रेफर किया गया।डूंगरपुर अस्पताल में सभी इलाज जारी है। डॉक्टर डॉ राजेश शर्मा व हेमंत कुमार दिनबन्दू परमार का कहना की सभी हालत स्थिर बताई जा रही है। लोगो को उंटी दस्त, पेट दर्द,सिर दर्द होने से अरफा तरफी मच गई। फिर लोगो ने 108 को सूचना देकर 3 एम्बुलेंस बुलाई गई।

# कमल रंगोली बना भाजपा के पक्ष में वोट का दिया संदेश

■ संजीवनी टुडे



भीलवाड़ा। भाजपा महिला मोर्चा का भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के बनेड़ा-शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में जोरदार संपर्क अभियान चलाया गया, साथ ही सहाडा विधानसभा में महिलाओं ने कमल रंगोली बना भाजपा के पक्ष में वोट देने का संदेश दिया भाजपा जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू पालीवाल के नेतृत्व में शाहपुरा विधानसभा बनेड़ा मंडल में संयोजक स्नेहलता गगरानी के सानिध्य में घर-घर जाकर संपर्क किया प्रचार प्रसार किया की पंपलेट पत्रक वितरण किये, लोक सभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल को भारी मतों से विजय बनाने के लिए कहां 26 अप्रैल को अधिक से अधिक वोट देने और दिलाने को कहा है इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री सुमित्रा पोरवाल,चंदा सोनी, बबीता अग्रवाल, लाड सोनी, रेखा सोनी, सरिता सोनी ,ज्योति सोनी, डिंपल की नियति रितु नियति गिरजेश शर्मा आदि महिलाएं उपस्थित थी। 20 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह के शक्करगढ़ सभा में आने के लिए निमंत्रण दिया। सहाड़ा विधानसभा में कमल के फूल की रंगोली बनाकर संयोजक मीरा किराड़ एवं सहसंयोजक विमला चेचनी के द्वारा कोट गांव में महिलाओं से संपर्क किया और मोदी की योजनाओं से अवगत कराया और लाभार्थी बहनों से बातचीत की प्रचार प्रसार किया, इस कार्यक्रम में सुमित्रा पोरवाल बबीता अग्रवाल गीता देवी त्रिवेदी रायपुर मंडल अध्यक्ष प्यारी बाई शर्मा प्यारी बाई शर्मा धापू बाई शर्मा प्रेम बाई तिवारी सीता देवी शर्मा शांता देवी शर्मा मांगी देवी वैष्णव चंदा देवी शर्मा लीला देवी वैष्णो वर्षा शर्मा पारस बाई चेचानी, ज्ञान बाई ईनाणी ,कजू बाई शर्मा, प्रेम देवी वैष्णव ,भावना लोहार, दिव्या लोहार आदि महिलाएं उपस्थित थी ।

# समावेशी वॉकथान के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

■ संजीवनी टुडे



सलूंबर। जिले में लोकसभा आम चुनाव अंतर्गत आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत शुक्रवार को सतरंगी सप्ताह कार्यक्रम के तीसरे दिन समावेशी वॉकथान का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत अमरपुरा पंचायत समिति जयसमंद में आयोजित हुई वॉकथान में महिलाओं, ग्रामीणों एवं राजकीय कार्मिकों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लेकर आमजन को मतदान दिवस 26 अप्रैल को लोकसभा आम चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

#### मतदाता पर्ची वितरण

महादेव खेड़ा, नोली,कपुरावतों का बाड़ा, सीपुर,वगरूवा,सेरिया,ढाणी सीपुर,सल्लाड़ा,कड़ी मंगरी,नईझर,बस्सी बुझाडा, खंडोरा, खेरकी में मतदाता पर्ची का वितरण किया गया।

#### होम वोटिंग

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत शुक्रवार को मैथुडी,भई, खरबर,कपुरावतों का बाड़ा,वीरपुरा में होम वोटिंग की प्रक्रिया में बुजुर्ग एवं विषेश योग्यजन मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर लोकतंत्र के त्यौहार में भागीदार बनते हुए अपने-अपने घरों से मतदान किया और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रारंभ की गई इस सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया।

#### स्काउट गाइड वोलेंटियर का प्रशिक्षण

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावली में स्काउट गाइड वालंटियर का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. विजय चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय स्काउट संघ के सचिव श्याम किशोर उपाध्याय ने एवं विशेष प्रशिक्षक फवेन्द्र टांक ने 80 स्काउट गाइड वालंटियर को मतदान दिवस पर मतदाताओं की सहायता से संबंधित प्रशिक्षण दिया।

### सराड़ा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

निर्वाचन आयोग की ओर से मतदान प्रतिशत बढाने हेतु सतरंगी सप्ताह के तीसरे दिन सर्विस वोटर एवं सरकारी कर्मचारियों के द्वारा सामुहिक वौकाथन कर मतदान हेतु जागरूक किया गया पंचायत समिति सराडा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सराडा से बस स्टेण्ड तक रैली निकाली गयी एवं मतदाताओं से मतदान की शपथ दिलाई गयी । इस अवसर पर विकास अधिकारी अणदाराम, अति. विकास अधिकारी कैदार नारायण चौधरी, सहायक विकास अधिकारी हरीशंकर पण्डया, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सराडा सुरेश कुमार मंडावरिया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सराडा नाथुलाल बुनकर उपप्राचार्य जगदीश लाल जोशी,गणेश लाल देवडा, स्वीप सह प्रभारी मुकेश जोशी एवं अन्य सभी विभागों के कार्मिक उपस्थित रहें।

# मतदान दलों की रवानगी सहज और सुगम हो: जिला निर्वाचन अधिकारी

■ संजीवनी टुडे



डूंगरपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित कुमार सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा आम चुनाव के तहत 26 अप्रेल को मतदान के दिन मतदान केंद्रों और इससे एक दिन पहले 25 अप्रैल को मतदान दलों की रवानगी के समय व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक ली। जिला कलक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने मतदाल दल रवानगी स्थल एसबीपी कॉलेज डूंगरपुर में मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण, चुनाव सामग्री वितरण, मतदान दलों की रवानगी, मतदान दलों की वापसी सहित अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करते हुए विभागवार तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। नगर परिषद डूंगरपुर की ओर से मतदान दल रवानगी स्थल पर सफाई और पेयजल की व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। वहीं, चिकित्सा विभाग को एसबीपी कॉलेज में चिकित्सकों की टीम मय आवश्यक दवाओं और एम्बुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए। हीट वेव अलर्ट को देखते हुए ओआरएस घोल पिलाये जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वीप के तहत 22 से 24 अप्रैल तक आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में भी आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रवार चिह्नित महिला और दिव्यांग कार्मिक मतदान केंद्रों पर भी मतदान दिवस के दिन की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आठ महिला कार्मिक मतदान केंद्र, एक दिव्यांग कार्मिक मतदान केंद्र के साथ ही ईको फ्रैंडली और मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि डूंगरपुर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 32 महिला कार्मिक और 4 दिव्यांगजन कार्मिक वाले मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। इससे महिला सशक्तीकरण, दिव्यांगजन मतदाता जागरुकता और युवा शक्ति का संदेश आमजन तक पहुंचेगा। निर्वाचन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार मतदान दिवस 26 अप्रैल, 2024 को सुबह 7 से 9 बजे तक ऐसे मतदान केंद्र जहां विगत लोकसभा चुनाव में कम मतदान हुआ, वहां प्रथम 25 नव मतदाताओं एवं अन्य सभी मतदान केंद्रों पर 20 नव मतदाताओं को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा और पौधरोपण भी करवाएंगे। वहीं, मतदान केंद्रों पर सेल्फी प्वॉइंट स्थापित कर बारकोड और लिंक प्रदर्शित किए जाए, जिसको स्कैन कर सेल्फी अपलोड करने पर मतदाता को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की ओर से डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, छापी (दायां भाग), राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बिछीवाड़ा (बायां भाग), राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करोली (बायां भाग), राउमावि खेड़ा कच्छवासा (दायां भाग), राउमावि बिलड़ी कमरा नं. 10, राजकीय महारावल उमावि डूंगरपुर (बायां भाग), राउमावि थाणा (उत्तरी भाग), राउमावि गामड़ी अहाड़ा (मध्य भाग)। वहीं, आसपुर विधानसभा क्षेत्र में स्व. श्री भाणजी पटेल राउमावि फलोज (दक्षिण भाग), राउमावि आसपुर (उत्तरी भाग), राउमावि आसपुर (मध्य भाग), राउमावि आसपुर (दक्षिण भाग), राउमावि गोल (उत्तरी भाग), हड़माला, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, खड़गदा, कमरा नं. 02 चौरासी विधानसभा क्षेत्र में राउमावि भाणासीमल, स्व. रेवाशंकर पण्ड्या राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धम्बोला (बायां भाग), राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नानोड़ा, राउमावि नवीन परिसर घुवेड़ (दायां भाग), राउमावि गड़ापट्टा पीठ (बायां भाग) श्री मणिलाल पण्ड्या राउमावि सीमलवाड़ा दायां भाग, राप्रावि मेरोप, राप्रावि चुण्ड़ावाड़ा।

### आग से चारा व ओडा जला ,नकदी भी भेंट हुई



■ संजीवनी टुडे

लसाड़िया। लसाड़िया उपखंड क्षेत्र के सोडाला के पनवा फला में आग लगने से चारा व ओडा जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार पनवा फला निवासी गमाना पिता लाला मीणा का चारा व ओडा जलकर राख हो गया। सूचना पर स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। गमाना के परिवार के लोगों ने बताया कि घर में रखा 20 हजार का चारा, 15000 की नगदी, गेहूं, मक्का सहित अनाज जलकर राख हो गया। घरेलू सामान, कपड़े भी जलकर राख हो गए। हालांकि अभी आग लगने का कारण का पता नहीं चल पाया है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन को सूचना दी है।

### जल्द ही चांवड़ कस्बे में यातायात व्यवस्था को किया जायेगा सुचारू, समस्याओं से मुक्ति भी मिलेगी



■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। सलूम्बर जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने सराड़ा थाना परिसर में सीएलजी , पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी, सरपंच एवं अन्य मौतबिर लोगों की बैठक ली गयी। बैठक में हिन्दु मुस्लिम समुदाय एवं हर समाज के लोग उपस्थित रहे। एसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्वक मतदान करने एवं आगामी पर्वों को शांतिपूर्वक सौहार्दपूर्ण भाईचारे की भावना रखते हुए आयोजन करने के संबंध में अवगत कराया गया। बैठक में क्षेत्र के लोगों ने थाना सर्कल के कस्बा चावण्ड व कस्बा सराडा में ट्रेफिक संबंधी समस्याओं के संबंध में अवगत कराया जिस पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया व जल्द ही समस्या के निस्तारण की बात कही। इससे पहले थाना अधिकारी राजेश कुमार ने जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली व बैठक में आये सदस्यों का स्वागत उद्बोधन दिया।इस दौरान थाने के स्टाफ मौजूद था।

### माइक्रो पर्यवेक्षकगण एवं वीडियोग्राफर का द्वितीय प्रशिक्षण 22 अप्रैल को

■ संजीवनी टुडे

भीलवाड़ा। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत भीलवाडा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर नियुक्त किये जाने वाले माईक्रो पर्यवेक्षकगण एवं वीडियोग्राफर को भारत निर्वाचन आयोग के कानूनों एवं नियमों की जानकारी देने तथा कानूनों एवं नियमों एवं निर्देशों में निपूर्णता लाने के उद्वेश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में द्वितीय प्रशिक्षण 22 अप्रैल को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सत्रवार प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने बताया कि 110 माईक्रो पर्यवेक्षक को 22 अप्रैल को प्रात 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा 50 वीडियोग्राफर को प्रशिक्षण दोपहर 2:30 बजे से अपराह्न 4 बजे तक प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण 21 अप्रैल को

■ संजीवनी टुडे

भीलवाड़ा। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत भीलवाडा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर नियुक्त किये जाने वाले सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के कानूनों एवं नियमों की जानकारी देने तथा निपूर्णता लाने के उद्वेश्य से 21 अप्रैल को प्रातः 11 बजे नगर परिषद के महाराणा प्रताप सभागार में द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने बताया कि प्रशिक्षण में 212 सेक्टर अधिकारी एवं 191 पुलिस अधिकारी भाग लेगे।

### जागो जनमत अभियान कार्यशाला का आयोजन



■ संजीवनी टुडे

भीलवाड़ा। महावीर कोन्टीनेन्टल मीसो केंद्र भीलवाड़ा द्वारा आज निजी रिसोर्ट में मुख्य संरक्षिका स्नेहलता जी धारीवाल के सानिध्य में जागो जनमत अभियान की एक कार्यशाला रखी गई। इस कार्यशाला में सभी वीरा बहनों ने शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। मीसा केंद्र की केंद्र अध्यक्ष संध्या आगीवाल ने सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संरक्षिका प्रमिला नैनावटी, प्रतिभा मेहता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. करुणा चौधरी, मधु जाजू, सचिव डॉ. राजमती सुराणा, कपिला जैन, कल्पना माहेश्वरी आदि सदस्यो की उपस्थिति रही।

### केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार शक्करगढ़ में आमसभा को करेगें सम्बोधित

■ संजीवनी टुडे

भीलवाड़ा। लोकसभा मीडिया प्रभारी विनोद झुरानी ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित भाई शाह के साथ किरोडीलाल मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया एवं शनिवार को शक्करगढ़ पहुंचेगें। जहां आमसभा को सम्बोधित करेगें एवं भाजपा की विजय पटाका का परचम लहरायेगें। इस हेतु आवश्यक सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### लोकसभा आम चुनाव-2024 में नियुक्त माईक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण 20 अप्रैल को

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। लोकसभा आम चुनाव-2024 में नियुक्त माईक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण 20 अप्रैल को दोपहर 1 बजे जिला कलक्टर कार्यालय के ईडीपी सभागार में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुलराज मीणा ने दी।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

# पंजाब के भूजल में आर्सेनिक का खतरनाक स्तर पाया गया



गंगा के मैदानी भागों रहने वाली आबादी को आमतौर पर आर्सेनिक के कारण होने वाले रोगों से अधिक प्रभावित माना जाता है। भारतीय शोधकर्ताओं के एक ताजा अध्ययन के दौरान पंजाब के भूजल में भी अब आर्सेनिक के गंभीर स्तर के बारे में पता चला है। पंजाब के 13000 हजार कूपों या हैंडपंप से एकत्रित किए गए भूजल के नमूनों में से 25 प्रतिशत कूपों के पानी में आर्सेनिक स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के निर्धारित मापदंड से 20-50 गुना अधिक पाया गया है। आर्सेनिक का उच्च स्तर तरण तारण, अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में रावी नदी के बाढ़ग्रस्त मैदानों में सबसे अधिक फैला हुआ है। शोधकर्ताओं का कहना है कि जिन परिवारों के घर में आर्सेनिक प्रभावित कूप मिले हैं, उनमें से 87 प्रतिशत परिवार डब्ल्यूएचओ के मानकों को पूरा करने वाले सुरक्षित पेयजल वाले अन्य कुओं के 100 मीटर के दायरे में रहते हैं। ऐसे परिवार आर्सेनिक से सुरक्षित आसपास के दूसरे कुओं से पीने का पानी ले सकते हैं।

इस अध्ययन में भारतीय पंजाब के पश्चिमी हिस्से और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत समेत कुल 383 गांवों में स्थित 30,567 जलकूपों से पानी के नमूने एकत्रित किए गए हैं। इन नमूनों का परीक्षण आर्सेनिक किट की मदद से किया गया है। पानी में आर्सेनिक की उपस्थिति और उसकी मात्रा का पता लगाने के लिए उपयोग की जाने वाली यह किट कलर कोडेड स्ट्रिप पर आधारित होती है। परीक्षण के बाद सर्वेक्षक उस परिवार को उनके हैंडपंप के पानी में आर्सेनिक की स्थिति के बारे में बताते हैं और फिर आर्सेनिक से असुरक्षित हैंडपंप को लाल रंग और सुरक्षित हैंडपंप को नीले रंग की पट्टी से चिह्नित कर दिया जाता है। सर्वेक्षण के दौरान चयनित गांवों में जीपीस का उपयोग भी किया गया था। अध्ययन में शामिल परिवारों की लोकेशन और संबंधित आंकड़ों को उसी स्थान पर जीपीएस में दर्ज किया गया है। प्रमुख शोधकर्ता डॉ. चंदर कुमार सिंह ने इंडिया साइंस वायर को बताया कि ल्हमने भारतीय पंजाब के 199 गांवों के 13000 हैंडपंप या कूपों का परीक्षण घर-घर जाकर किया है। इससे पहले पंजाब के भूमिगत जल में आर्सेनिक की समस्या के विस्तार के बारे पूरी जानकारी नहीं थी क्योंकि इतने बड़े पैमाने पर परीक्षण नहीं किया गया था। इस अध्ययन से अब स्पष्ट हो गया है कि पंजाब के बाढ़ग्रस्त इलाके भी आर्सेनिक की समस्या से बुरी तरह प्रभावित हैं। एक साल बाद पांच गांवों के कूपों के जल का दोबारा परीक्षण करने पर 59 प्रतिशत कूपों के पानी में आर्सेनिक का बढ़ा हुआ स्तर मिला है। इसके साथ ही एक अच्छी बात यह भी देखने को भी मिली कि दो-तिहाई परिवारों ने परीक्षण के बाद पास के सुरक्षित जलकूपों से पीने का पानी लेना शुरू कर दिया था। नई दिल्ली स्थित टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, इस्लामाबाद स्थित कायदे-आजम यूनिवर्सिटी और न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा यह अध्ययन संयुक्त रूप से किया गया है। अध्ययन के नतीजे शोध पत्रिका साइंस ऑफ द टोटल एन्वायरमेंट में प्रकाशित किए गए हैं। अमेरिका के नेशनल साइंस फाउंडेशन, युनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के अनुदान पर यह अध्ययन आधारित है। इन दोनों संस्थाओं का भी यही निष्कर्ष है कि गंगा के मैदानी भागों के अलावा भारतीय पंजाब और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित सिंधु बेसिन में आर्सेनिक का गंभीर स्तर मौजूद है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले जिन दस रसायनों को चिह्नित किया गया है, उसमें आर्सेनिक भी शामिल है। आर्सेनिक के अलावा इनमें वायु प्रदूषण, एस्बेस्टस, बेंजेन, कैडमियम, डाइऑक्सिन एवं उसके जैसे पदार्थ, अपर्याप्त एवं अत्यधिक फ्लोराइड, शीशा, पारा और खतरनाक कीटनाशक शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने पेयजल में आर्सेनिक की मात्रा 10 माइक्रोग्राम प्रति लीटर तय की है। पीने के पानी में इससे अधिक आर्सेनिक की मात्रा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। डॉ. सिंह ने बताया कि ल्पेयजल में आर्सेनिक की मौजूदगी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। इसके कारण त्वचा रोग, तंत्रिका तंत्र संबंधी रोग, पेट की बीमारियां, मधुमेह, किडनी रोग, कैंसर, बच्चों के मानसिक विकास में बाधा, गर्भपात और हृदय संबंधी बीमारियां हो सकती हैं। आर्सेनिक के विषैले प्रभाव से फैले त्वचा रोगों और आर्सेनिकोसिस जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के रूप में इस संकट की पहचान पश्चिम बंगाल 1980 के दशक में हुई थी। जिन क्षेत्रों को अब तक आर्सेनिक प्रदूषण के खतरे के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील माना जाता रहा है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।



**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# ओटीटी प्लेटफार्म पर अंकुश जरूरी




आज के युग में तकनीक जिसे टेक्नोलॉजी कहते हैं वो लगातार और तीव्रता के साथ बदल रही है। इसके व्यवहारिक पक्ष को हम सभी ने कोरोना काल में विशेष तौर पर महसूस किया जब घर बैठे कार्य करने के लिए वर्चुअल और ऑनलाइन मीटिंग्स, स्कूल की कक्षाओं का संचालन या फिर वर्क फ्रॉम होम जैसे विभिन्न माध्यम आस्तित्व में आए। इतना ही नहीं कल तक जो फिल्में और टीवी विश्व भर में मनोरंजन का सबसे लोकप्रिय साधन थे आज इंटरनेट और विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्म उनकी जगह ले चुके हैं। जब 2008 में भारत में पहला ओटीटी प्लेटफार्म लॉन्च हुआ था तब से लेकर आज जबकि लगभग 40 ओटीटी प्लेटफार्म हमारे देश में मौजूद हैं, इसने काफी लम्बा सफर तय किया है।

केजीएमजी मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की 2018 की एक रिपोर्ट का कहना था कि भारत का ओटीटी बाजार 2023 तक 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेगा। लेकिन कोरोना काल में इसने यह लक्ष्य समय से पहले ही प्राप्त कर लिया।दअरसल लॉक डाउन के दौरान सिनेमा और मल्टीप्लेक्स बंद होने के कारण ओटीटी प्लेटफार्म ने भारत समेत सम्पूर्ण विश्व में हर आयु वर्ग के आकर्षण के साथ साथ जबरदस्त स्वीकार्यता भी प्राप्त की। लेकिन जहां एक ओर इसने मनोरंजन और इस क्षेत्र में संघर्षरत युवाओं के लिए नए आयाम खोले हैं वहीं कई विवादों और चिंताओं को भी जन्म दिया है। जिस प्रकार हर सिक्के के दो पहलू होते हैं उसी प्रकार ओटीटी प्लेटफार्म के भी सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही पहलू हैं।अगर इसके सकारात्मक पक्ष की बात करें तो फ़िल्म और सीरियल जगत में कैरियर बनाने की इच्छा रखने वाले हर उम्र के लोगों के लिए इसने बगैर किसी भेदभाव के अनेकों द्वार खोल दिए हैं। आज एक आम चेहरे अथवा साधारण आवाज या फिर बिल्कुल आम शारीरिक बनावट के साथ किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति के लिए यहाँ असीमित अवसर हैं। जहां फ़िल्म इंडस्ट्री पर नेपोटिज़्म और कास्टिंग काउच के चलते बहुत से प्रतिभावान युवा मायूस हो जाते थे आज इन्हीं ओटीटी प्लेटफार्म के दम पर उन्होंने अपनी पहचान बना ली है। वहीं दर्शकों को भी एक फ़िल्म देखने के लिए टिकट के भारी भरकम पैसों के अलावा इंटरवल में कोक कॉफी पॉपकार्न जैसी चीज़ें मल्टीप्लेक्स में कई महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती थीं आज वो लगभग मुफ्त में घर बैठे इन चीज़ों का आनंद ले रहा है।

अगर ओटीटी के नकारात्मक पक्ष की बात करें तो मनोरंजन, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर जिस प्रकार की सामग्री इनके माध्यम से आज परोसी जा रही है वो देश के आमजन से लेकर बुद्धिजीवियों और अब तो सरकार तक के लिए भी चिंता का विषय बनती जा रही है। यह विषय इसलिए भी गंभीर हो जाता है क्योंकि भारत सरकार का इन पर कोई नियंत्रण नहीं है। क्योंकि ये ओटीटी प्लेटफार्म देश के वर्तमान कानूनों के दायरे के बाहर हैं। दअरसल फिल्मों के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ फ़िल्म सर्टिफिकेशन है, टीवी के लिए न्यूज ब्रॉडकास्टिंग स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी है, प्रिंट मीडिया के लिए प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया है लेकिन ओटीटी प्लेटफार्म पर नज़र रखने के लिए कोई संस्था नहीं है।

और तो और इनको अपनी सामग्री दर्शकों तक पहुंचाने के लिए केबल ऑपरेटर या सैटेलाइट कनेक्शन जैसे किसी माध्यम की आवश्यकता भी नहीं होती। ये दर्शकों तक स्मार्ट फोन, लैपटॉप स्मार्ट टीवी जैसे साधनों से आसानी से पहुँच जाते हैं।आज ओटीटी प्लेफॉर्म ही नहीं आज बल्कि कोई भी व्यक्ति इंटरनेट पर जो चाहे अपलोड कर सकता है। इसी बात का लाभ इन ओटीटी प्लेटफार्म को मिल जाता है। यही कारण है कि फिक्शन या कल्पना या कलात्मक सृजनात्मकता के नाम पर ये प्लेटफार्म कुछ भी दिखाने का साहस कर पाते हैं। चाहे हिन्दू धर्म और उसके देवी देवताओं का अपमान हो या फिर ऑनलाइन फ्रॉड के तरीके दर्शकों को सिखाना (जामताड़ा) या फिर हत्या और क्राइम करके कानून से बचने के तरीके दिखाना। यही कारण है कि कई बार मिर्ज़ापुर पाताल लोक या तांडव जैसी सिरीज़ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएँ दायर की जाती हैं। लेकिन अगर कोई स्पष्ट और सख्त कानून मौजूद होता जो इनकी "रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और सृजनात्मकता" को सीमाओं के साथ परिभाषित करता तो लोगों या संस्थाओं को ओटीटी प्लेटफार्म के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में यह लड़ाई नहीं लड़नी पड़ती अपितु ये स्वयं कानून के दायरे में रहते और अपनी सीमाओं को भी पहचानते। लेकिन आज की हकीकत यह है कि इस प्रकार की सिरीज़ में अमर्यादित भाषा और आचरण से लेकर क्रूरता से भरी हिंसा दिखाई जा रही है जो हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक प्रभाव छोड़ रही है।

आज जिस प्रकार छोटे छोटे बच्चों द्वारा अपराध करने की घटनाएं सामने आ रही हैं या फिर छोटी छोटी बच्चियों के साथ यौन अपराध की घटनाएं बढ़ गई हैं कहीं न कहीं हमें ओटीटी प्लेटफार्म द्वारा परोसी जाने वाली सामग्री पर ध्यान देने की आवश्यकता महसूस करा रहीं हैं। क्योंकि सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि इस प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री इंटरनेट पर स्मार्ट फोन पर बेहद सरलता से उपलब्ध है। उस स्मार्ट फोन पर जो आज छोटे से छोटे बच्चे के हाथ में है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि वो ओटीटी प्लेटफार्म को नियंत्रित करने के लिए दिशा निर्देश उसके सामने प्रस्तुत करे। इस प्रकार की परिस्थितियों से जूझने वाला भारत एकमात्र देश नहीं है। इंटरनेट और स्मार्ट फोन के आविष्कार के साथ नई चुनौतियों और समस्याओं का भी अविष्कार हुआ है जिनसे विश्व का हर देश जूझ रहा है।

भारत में भले ही हमारी सरकार ने आज इस दिशा में सोचना शुरू किया है लेकिन विश्व के कई देश नए कानून बनाकर ओटीटी प्लेटफार्म को इन कानूनों के दायरे में ला चुके हैं। अमेरिका में 2019 में इनके लिए कानून बन गया था।योरोपीय यूनियन में भी पिछले साल इन पर नियंत्रण रखने के लिए सख्त कानून बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया में ओटीटी प्लेटफार्म के नियंत्रण के लिए ऑनलाइन कंटेंट को रेगुलेटरी कानून 2000 में ही कानून बना लिया गया था। सऊदी अरब में तो इंटरनेट पर परोसी जाने वाली समस्त सामग्री का नियमन एन्टी साइबर क्राइम लॉ में द्वारा किया जाता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि इस एक कानून से ही वो इंटरनेट पर प्रसारित होने वाली सामग्री पर रोक लगा सकता है। हमारी सरकार देर से ही सही लेकिन जागी तो है। अगर इसके नकारात्मक पक्ष पर ध्यान देकर उस पर लगाम लगाने के प्रयास किए जाएं तो ओटीटी प्लेटफार्म जो आज मनोरंजन के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का प्रतीक बन चुका है निश्चित ही समाज में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के संचार का महत्वपूर्ण जरिया भी बन सकता।उम्मीद है कि शीघ्र ही हमारे देश में भी ओटीटी प्लेटफार्म के नकारात्मक पक्ष पर कानूनी रूप से अंकुश लगाया जाए ताकि अपने सकारात्मक पक्ष के साथ यह खुलकर समाज की उन्नति में अपना योगदान दे सके।

### विचार बिन्दु

**भारत में भले ही हमारी सरकार ने आज इस दिशा में सोचना शुरू किया है लेकिन विश्व के कई देश नए कानून बनाकर ओटीटी प्लेटफार्म को इन कानूनों के दायरे में ला चुके हैं। अमेरिका में 2019 में इनके लिए कानून बन गया था।योरोपीय यूनियन में भी पिछले साल इन पर नियंत्रण रखने के लिए सख्त कानून बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया में ओटीटी प्लेटफार्म के नियंत्रण के लिए ऑनलाइन कंटेंट को रेगुलेटरी कानून 2000 में ही कानून बना लिया गया था। सऊदी अरब में तो इंटरनेट पर परोसी जाने वाली समस्त सामग्री का नियमन एन्टी साइबर क्राइम लॉ में द्वारा किया जाता है।**



डॉ. नीलम महेंद्र

# परम्परा में घुलती सौहार्द की मिठास श्री महावीर जी का मेला आज



श्री महावीर जी का मेला विभिन्न जाति वर्गो की सोहार्द की मिसाल है।मेले के दौरान भगवान महावीर की निकलने वाली रथयात्रा में जैन व अजैन सभी एक साथ शामिल होते है।खासकर मीना ओर गुर्जर जातियों के लोग रथयात्रा के प्रमुख हिस्से है।रथयात्रा में दोनों जातियो के निर्वहन में सोहार्द की मिठास घुलती हुई नजर आती है। सदियों से चलता हुआ नजारा आज भी कायम है।चैत्र कृष्णप्रतिप्रदा को निकलने वाली महावीर रथयात्रा मुख्य मन्दिर से शुरू होकर गंम्भीर नदी तक पहुँचती है फिर वापिस पुनः उसी मन्दिर तक लौटती है।

रथयात्रा में नदी तक जाने पर नगला मीना सहित आसपास के मीना समाज के लोग आगे आगे चलते है ।बुजुर्गो के अनुसार वही चाँदन ग्राम के गुर्जर समाज के लोग पीछे पीछे चलते है। वही रथ गम्भीर नदी से लौटते समय गुर्जर समाज के लोग आगे हो जाते है ।और मीना समाज के लोग पीछे आ जाते है।दोनों जातियो की आगे पीछे चलने की परंपरा सदियों से प्रचलन में है। इससे पहले रथयात्रा में गुर्जर एवं मीना समाज के युवा नाचते कूदते लाठी डंडो को लेकर चलते है। इसको लेकर श्री महावीर जी मन्दिर कमेठी द्वारा दोनों जातियों के पंच पटेलो का हार्दिक अभिनंदन किया जाता है।दोनों जातियो का यह सोहार्द देखते ही बनता है। श्री महावीर जी मे गालियों से रिझाने की अनूठी परम्परा है।रथयात्रा शुरू होने से एक घण्टे पहले मीना समाज के लोग मन्दिर पहुँचते है । इस दौरान मन्दिर परिक्रमा मार्ग से भगवान महावीर को गालियाँ देकर परिक्रमा लगाते है।इस बीच पर अन्य श्रद्धालु नही रहते हैं।रथयात्रा शुरु होने तक नदी तक जाने तक भगवान को गालियों से रिझाया जाता है।मन्दिर कमेटी द्वारा मीना और गुर्जर समाज को महावीर रथ यात्रा में बुलाने के लिये लिये नंगला मीना और चाँदन गांव पहुँचती है।और वहाँ पंच पटेलों द्वारा स्वागत किया जाता है।मन्दिर कमेठी उन्हें रथयात्रा में शामिल होने का आग्रह करती है।




## 01 अप्रेल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1999 जर्मन के पूर्व चांसलर हेल्मुट कोल अमेरिकी सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द प्रेसिडेंशियल मेडल आफ़ फ़्रीडम' से सम्मानित।

2006 भारत ने अपना पहला विदेशी सैन्य अड्डा ताजिकिस्तान में स्थापित करने की घोषणा की।

2008 महाराष्ट्र भाजपा के नेता व राष्ट्रीय महासचिव गोपीनाथ मुण्डे ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर नौ दिन बिताने के बाद पहला दक्षिण कोरियाई अंतरिक्ष यात्री यीसोयओन पृथ्वी पर सकुशल लौटे।

2011 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के उपग्रह प्रक्षेपण यान 'पीएसएलवी' ने 20 अप्रॅल, 2011 बुधवार को तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया।
अमेरिकी मीडिया ने भारत के अग्नि-5 मिसाइल के सफल परीक्षण पर कहा है कि इससे भारत को उसके पड़ोसी देश चीन के बराबर में खड़ा कर दिया है।

2011 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के उपग्रह प्रक्षेपण यान 'पीएसएलवी' ने 20 अप्रॅल, 2011 बुधवार को तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया।

जन्मे व्यक्ति

1914 गोपीनाथ मोहंती, उड़िया भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार।

1920 जुथिका रॉय, प्रसिद्ध भजन गायिका।

# अबलाएं अब कॉर्पोरेट क्वींस बनती जा रही है

### विचार बिन्दु



प्रियंका 'सौरभ'

स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार

बदलते दौर की महिलाओं ने बाधाओं को तोड़ दिया है और वे विभिन्न क्षेत्रों में सशक्तिकरण की अपनी विशेष पहचान बना रही है। महिलाओं के अधिकारों और लैंगिक समानता को साकार करने के लिए महिला आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर देना जरुरी है। महिला आर्थिक सशक्तिकरण में मौजूदा बाजारों में समान रूप से भाग लेने की महिलाओं की क्षमता शामिल है जैसे- उत्पादक संसाधनों तक उनकी पहुंच और नियंत्रण, अच्छे काम तक पहुंच, अपने समय, जीवन और शरीर पर नियंत्रण और घर से लेकर अंतरराष्ट्रीय संस्थानों तक सभी स्तरों पर आर्थिक निर्णय लेने में उनकी सार्थक भागीदारी में वृद्धि। जब अधिक महिलाएं काम करती हैं, अर्थव्यवस्थाएं बढ़ती हैं। महिला आर्थिक सशक्तिकरण अन्य सकारात्मक विकास परिणामों के अलावा उत्पादकता को बढ़ाता है, आर्थिक विविधीकरण और आय समानता को बढ़ाता है। उदाहरण के लिए, स्वीडन की तुलना में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन देशों में महिला रोजगार दरों में वृद्धि से सकल घरेलू उत्पाद में 6 ट्रिलियन अमरीकी डालर से अधिक की वृद्धि हो सकती है। भुगतान और अवैतनिक कार्य दायित्वों को संतुलित करना महिलाओं के लिए चुनौती बन रहा है।वास्तव में, महिलाएं कम जीवन संतुष्टि और व्यक्तिपरक अवसाद और चिंता से संबंधित लक्षणों से ग्रसित रहती हैं। जैसे-जैसे महिलाएं अपने भुगतान कार्य समय में वृद्धि करती हैं, वे अपने अवैतनिक कार्य घंटों में समान कमी प्राप्त नहीं करती हैं। न ही पुरुषों ने अवैतनिक कार्य के अपने हिस्से को उसी दर से बढ़ाया है जिस दर से महिलाओं ने भुगतान किए गए कार्य के अपने हिस्से में वृद्धि की है। 2015 की मानव विकास रिपोर्ट बताती है कि, 63 देशों में महिलाओं का 31 प्रतिशत समय अवैतनिक कार्य करने में व्यतीत होता है, जबकि पुरुषों अपने समय का केवल 10 प्रतिशत अवैतनिक कार्य के लिए प्रयोग करते हैं। दोहरा बोझ तब और बढ़ जाता है जब महिलाएं गरीब होती हैं और ऐसे समुदायों में रहती हैं जहां बुनियादी ढांचे की कमी होती है। जिन क्षेत्रों में भोजन और पानी की आसान पहुंच नहीं है, वहां घरेलू कर्तव्यों में और भी अधिक समय लगता है। जिस दर से महिलाएं कार्यालय में संपत्ति जमा करती हैं, वह पुरुषों की तुलना में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत ही कम है। इस से पता चलता है कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक न्यायपूर्ण, जोखिम-प्रतिकूल और आपराधिक और अन्य जोखिम भरे व्यवहारों में शामिल होने की संभावना कम नहीं हैं। यह पाया गया कि पुरुष और महिला राजनेता अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सड़क निर्माण परियोजनाओं पर समान रूप से बातचीत कर सकते हैं। हालांकि, महिलाओं के द्वारा इन परियोजनाओं के पूरा होने की देखरेख करने की अधिक संभावना है।

आज नारीवादी दृष्टिकोण को एक ऐसे मार्ग का अनुसरण करने की आवश्यकता है जो महिलाओं को पारंपरिक सामाजिक और राजनीतिक हाशिए से बाहर ले जाए। महिलाएं लोकसभा में 14% और राज्यसभा में 11% हैं। मौजूदा पितृसत्तात्मक मानदंड महिलाओं के लिए सार्वजनिक या बाजार सेवाओं को अपनाने में एक महत्वपूर्ण बाधा उत्पन्न करते हैं। चाइल्डकैअर, अवैतनिक देखभाल और घरेलू काम महिलाओं के कुशल लेकिन अवैतनिक काम से सीधे अर्थव्यवस्था में योगदान देते है। चाइल्डकैअर की जिम्मेदारियों को साझा करना उस संस्कृति में मुश्किल हो सकता है जहां माता-पिता की छुट्टी केवल मां को दी जाती है। यह इस धारणा को और पुष्ट करता है कि अवैतनिक देखभाल कार्य महिलाओं की एकमात्र जिम्मेदारी है। सार्वजनिक सेवाओं में अवसर की समानता सुनिश्चित करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। हालांकि, इन समाधानों का प्रभाव तभी होगा जब प्रत्येक व्यक्ति व्यवहार परिवर्तन कर महिला को अबला नहीं कॉर्पोरेट क्वींस समझेगा।

# कम हो तनाव तो केश रहे लाजवाब


**चिंता चिता के समान होता है, जितनी जल्दी जला दें अच्छा है। यहां तो चिंताओं के बीच ही लोग जीवन-यापन के तौर-तरीके सीखते हैं। किसी की जेब में पैसे नहीं है तो किसी को नौकरी की चिंता सता रही है। इसी चिंता की चिता में नौजवानों के बाल जल रहे हैं। केशों का टूटना या यों कहें कि गंजापन की अंधी दौर चल पड़ी है। जिसमें बहुत कम ही लोग सुरक्षित हैं। ऐसे में भी डॉक्टर मानते हैं कि बाल गिरना एक चिकित्सकीय बीमारी है, जिसका निदान संभव है। हेयर ट्रांसप्लांट व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित शर्मा कहते हैं कि बाल कम होने के अनेकों कारण है। पैसों की कमी के बीच भी जीवन तनाव मुक्त जीया जा सकता है। खानपान का भी केश पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। डॉक्टर मानते हैं कि शुरू से ही कुछ चीजों का खयाल रखें तो गंजेपन की समस्या से बचा जा सकता है। बाल गिरने की रोकथाम करने और उपचार के लिए एक कारगर व सुरक्षित विकल्प के लिए डॉक्टर की सला ले सकते हैं।**

### रुसी या सिकरी है झड़ने का मूल कारण

सर की त्वचा में कुपोषण या रूखेपन के कारण जड़ों की त्वचा सूख कर झड़ने लगती है। जिसे सामान्य भाषा में रुसी या सिकरी कहा जाता है। रुसी होने पर बाल झाड़ने शुरू हो सकते हैं।

### सिर को साफ रखें

फंगल संक्रमणों से बचने के लिए अपने सिर को साफ रखें। अपने बालों को नियमित रूप से धोने, गंदगी को साफ करने और ज्यादा तेल की वजह से सिर की त्वचा के बंद हो जाने वाले छिद्रों को खोलने के लिए किसी हल्के शैम्पू का इस्तेमाल करें। आप अपने बालों को मुलायम बनाने और उलझने से रोकने के लिए किसी सौम्य कंडीशनर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सौम्य और प्राकृतिक हेयरस्टाइल तकनीकों का चुनाव करें।




### रुसी या सिकरी का उपचार

**बाल धोने के आधा घटे पूर्व एक-दो नीबू काटकर बालों में मल लें तथा हल्के गरम पानी से सर धो लें। इससे रुसी का सफाया हो जाता है। दो किलो पानी में नींबू रस निचोड़कर एक सप्ताह तक प्रतिदिन अच्छी प्रकार से केश धोएं। नारियल के तेल में तेल से आधा कपूर, नीबू का रस मिलाकर जड़ों में हलकी मालिश करें और रोज मोटे दात वाले कंघे से हल्के हाथों से मालिश करें। बालों को साबुन से न धोकर रीठा से धोएं।**



### बाल कम होने के कारण



चिंता, लंबी बीमारी या शैल्यक्रिया के कारण तनाव होना। प्रोटीन, आयरन, जिंक या बायोटिन जैसे आवश्यक पोषक पदार्थो की कमी होना। लिहाजा पोषक तत्वों से भरे खाद्य पदार्थो को तरजीह दें। यौन हार्मोनों के स्तर में अचानक बदलाव आना, मसलन महिलाओं में डिलीवरी के बाद। सिर में फंगल संक्रमण होना। हेयरड्रेसिंग (केश सज्जा) तकनीकों का इस्तेमाल करना, जैसे – कसकर गूंथना, मोड़ना या बालों को अत्यधिक तापमान में रखना। ब्लीचिंग, कलरिंग और परमिंग, जैसे – प्रबल रसायनों के इस्तेमाल से बालों का उपचार करना। ये बालों की जड़ों को कमजोर करते हैं और इसके कारण बाल टूटते और झड़ते हैं। एंटीबायोटिक्स, बीटा ब्लॉकर्स और कॉर्टीसोंस जैसी औषधियां लेना। कीमोथेरेपी बालों की कोशिकाओं को नष्ट कर सकती है।

### बालों का खयाल रखने के नुस्खे

हेलमेट, कंघियों, हेयरब्रशों और टोपियों को दूसरे लोगों के साथ साझा न करें। बाल गीले हों तो इन पर ब्रश या कंघी न करें। या बहुत कसकर ब्रश नहीं करें। चिंता, अवसाद और अत्यधिक उलेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्यवर्द्धक और संतुलित आहार लें। हरी सब्जियां, नारियल, सोया, मछली, अंडे, लीवर और बादाम तथा अखरोट जैसी गिरियां आपके बालों को अच्छा पोषण प्रदान कर सकती है।

## हैप्पी रहने के 9 मंत्र

- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं।
- एक कहावत है कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में कई घंटे बीत जाते हैं। इसलिए दूसरों को हंसने का अवसर अवश्य प्रदान करें।
- सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन दिखाई देने वाले काम आसानी से संपन्न हो जाते हैं। यदि आप अपने मन में सकारात्मक भाव जाग्रत करेंगी तो आपका हर काम आसानी से पूरा हो जाएगा।
- अपनी छोटी-बड़ी हर उपलब्धि का जश्न मनाएं। कभी भी इस इंतजार में छोटी उपलब्धि को दरकिनार न करें कि जब बड़ी उपलब्धि हासिल होगी तो जश्न मनाएंगी।
- तन की सुंदरता के बजाय मन की सुंदरता को महत्व दें। तन की सुंदरता तो कुछ वर्षो की मेहमान है, जबकि मन की सुंदरता तो हमेशा साथ रहेगी।
- अपने आसपास के लोगों पर विश्वास करें। यदि आप हरेक को शंकालु दृष्टि से देखेंगी तो जिंदगी का आनंद उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- कौन कैसा है इस बात पर ज्यादा दिमाग न लगाएं। इसके बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि आप अपने को और अच्छा कैसे बना सकती हैं।
- जो बात दिल में हो उसे कहने में संकोच न करें। कई बार हम अपने दिल की बात जुबां पर नहीं ला पाते और हमें बाद में पछताना पड़ता है।
- बिस्तर पर जाने से पहले सारी चिंताओं को अलग कर दें और बेफ्रिक होकर लेटें।

# त्वचा कहे नो चिपचिप

**तैलीय और चिपचिपी त्वचा चेहरे के आकर्षण को कम कर देती है, लेकिन ऐसी त्वचा की अगर सही देखभाल की जाए तो वह निखर उठेगी। इसके लिए आप यहां दिए कुदरती उपायों को अपनाएं। त्वचा का तैलीय होना सिबेशियस ग्लैंड्स के अत्यधिक सक्रिय होने का नतीजा होता है। त्वचा की कोमलता बरकरार रखने के लिए प्राकृतिक तेल जरूरी है, पर जब तैलीय ग्रंथियां अधिक तेल का सिक्रीशन करती हैं तो एक्ने और मुंहासों की समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण त्वचा के छिद्र भी बंद हो जाते हैं। अगर आप भी तैलीय त्वचा से परेशान हैं तो यहां दिए गए कुदरती उपायों को अपनाएं और पाएं साफ-सुथरी व निखरी त्वचा।**

## 6 टिप्स हैल्दी त्वचा के लिए

- सेब को छीलकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद हलके गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। सेब एएचए का बेहतरीन स्रोत होता है, जो त्वचा को टोन करता है। उसे मुलायम और कांतिमय बनाता है।
- एक टी स्पून चंदन पाउडर में गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर उसे चेहरे पर लगाएं। सूखने पर पानी से धो लें। इससे त्वचा के दाग-धब्बे और एक्ने भी दूर होंगे।
- 1 टी स्पून बेसन में चुटकी भर हल्दी पाउडर, आधा नीबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। अगर आपको नीबू सूट नहीं करता है तो उसकी जगह पर दही मिला सकती हैं। आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलते हुए छुड़ाएं। यह त्वचा का कालापन दूर करता है। हल्दी त्वचा की चमक बरकरार रखती है।
- तैलीय त्वचा को भी मॉयस्चराइजर की जरूरत होती है और इसके लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। शहद एक बेहतरीन कुदरती मॉयस्चराइजर होता है। इसे चेहरे पर 15 मिनट लगाएं। फिर धो लें। यह त्वचा की जलन, मुंहासे और कालेपन को दूर करता है। साथ ही उसे कांतिमय और लचीली बनाता है।
- 1 टेबल स्पून चावल के आटे में 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और नीबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर भीतर से बाहर की तरफगोलोई में हाथ घुमाते हुए कुछ देर मसाज करें। चावल का आटा डेड सेल्स हटाता है। त्वचा के छिद्र भी खोलता है, ताकि साफऑक्सीजन त्वचा के भीतर जा सके।
- 1 टेबल स्पून मुलतानी मिट्टी में अंडे की सफेदी, 1 टेबल स्पून ओट्स पाउडर, 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और गुलाबजल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें।

### खीरे से बना फेस पैक फायदेमंद



यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो खीरे का फेस पैक आपके लिए बहुत अच्छा एक अच्छा फेस पैक है। खीरे का फेस पैक बनाने के लिए एक खीरे में एक अंडे की सफेदी, 1 चम्मच नींबू का रस और पुदीने की 5-6 पत्तियों को मिलाकर पीस लें। अब इसे 10 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। उसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएँ और कुछ देर बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें।

## चंदन एक फायदे अनेक



कीलमुंहासों के ठीक होने के बाद चेहरे पर किसी प्रकार के दागधब्बों को भी चंदन के लेप से साफ़ किया जा सकता है। चंदन का लेप केवल कीलमुंहासों को, ठीक नहीं करता बल्कि त्वचा को साफ़ कर नमी भी प्रदान करता है। 1 चम्मच चंदन पाउडर में आधा चम्मच पाउडर मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर 20 मिनट लगाए रखने से केवल कीलमुंहासे कम नहीं हो, आप का चेहरा भी खिलाखिला प्रतीत होता है। बराबर मात्रा में चंदन पाउडर हलदी पाउडर मिला कर थोड़े दूध के साथ पेस्ट बनाएं, इस में चुटकी भर कपूर भी मिलाएं। इस लेप की चेहरे पर मालिश कर रात भर लगा रहने दें। इस से आप को ठंडक के एहसास के साथसाथ चेहरे के दागधब्बे दूर होने का फायदा भी मिलेगा।


### साइड इफैक्ट नहीं

चंदन का प्रयोग प्राचीन काल से चला आ रहा है। खासकर आयुर्वेद में चंदन का प्रयोग खूब किया गया है। किसी प्रकार का घाव, फोड़ेफुंसी, कटनाछिलना आदिसभी पर चंदन के लेप से आराम मिलता है। यह एक कीमती पेड़ है, जो दक्षिण भारत में ज्यादातर पाया जाता है। चंदन का उबटन शादी से पहले नववधू लगाती है ताकि उस के चेहरे और काया की चमक बनी रहे। यह एक प्राकृतिक पदार्थ है, इसलिए इस के नियमित प्रयोग से किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं होता।

### इस की खूबियाँ

चंदन में कीटाणुनाशक विशेषता होने की वजह से यह हर्बल एंटीसेप्टिक है, इसलिए किसी भी प्रकार के छोटे घाव और खरोंच को ठीक करता है। यह जलने से हुए घाव को भी ठीक कर सकता है।

शरीर के किसी भाग पर खुजली होने पर चंदन पाउडर में हल्दी और एक चम्मच नीबू का रस मिला कर लगाने से खुजली तो दूर होगी ही, साथ में त्वचा की लालिमा भी कम होगी। चंदन का तेल सूखी त्वचा के लिए गुणकारी होता है। यह सूखी त्वचा को नमी प्रदान करता है।



## मुल्तानी मिट्टी जरूर इस्तेमाल करें



अगर आप महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट, शैम्पू, ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करते हुए थक चुकी हैं, फिर भी आपको कोई फ़ायदा नहीं हुआ है तो एक बार मुल्तानी मिट्टी ज़रूर इस्तेमाल करके देखें। जानी-मानी सौन्दर्य विशेषज्ञ भारती तनेजा का कहना है कि मुल्तानी मिट्टी सौन्दर्य का खज़ाना है। ये नेचुरल कंडीशनर भी है और ब्लीच भी। ये सौन्दर्य निखारने का सबसे सस्ता और आयुर्वेदिक नुस्खा है। साथ-ही मुल्तानी मिट्टी सभी फेस पैक का बेस होती है। चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाने से रंगत निखरती है और बालों में लगाने से वे घने, मुलायम और काले हो जाते हैं। मुहांसों की समस्या से परेशान लोगों के लिए तो मुल्तानी मिट्टी सबसे कारगर इलाज है, क्योंकि मुल्तानी मिट्टी चेहरे का तेल सोख लेती है, जिससे मुहांसे सूख जाते हैं। तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी में दही और पुदीने की पत्तियों का पाउडर मिला कर उसे आधे घंटे तक रखा रहने दें, फिर अच्छे से मिला कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। सूखने पर हल्के गर्म पानी से धो दें। ये तैलीय त्वचा को चिकनाई रहित रखने का कारगर नुस्खा है। एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी पाउडर में एक अंडे का सफेद भाग और पुदीने की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें। ये पैक हफ्ते में तीन बार लगाएं।

# पथरी से सावधान




पेशाब की पथरी पेशाब में उपस्थित लवणों व खनिजों के जमाव से बनते हैं। ये आमतौर पर मध्य आयु यानि की चालीस साल या उसके बाद पता लगने शुरू होते है। जब लवणों और खनिजों की परतें विभिन्न जगहों पर जमा होती जाती हैं तो इन पत्थरों का आकार बढ़ता जाता है। ये पत्थर आमतौर पर कैल्शियम के फास्फेट और ऑक्जेलेट होते हैं। ये सभी लवण और खनिज खाने की चीजो व पानी से शरीर में आए होते है। कुछ सब्ज़ियाँ जैसे पालक, अरबी के पत्ते और टमाटरों में बहुत अधिक लवण होते हैं। जमीनी पानी में भी काफी सारे लवण होते हैं। कुएँ या बोरवेल का पानी यह भी पथरी बनने का कारण होता है। ये लवण धीरे-धीरे करके शरीर में जमा हो जाते हैं और पत्थर बना लेते हैं। पेशाब के पत्थर आकृति और आकार में अलग-अलग होते हैं। आमतौर पर ये उसी जगह का आकार ले लेते हैं जिसमें ये बनते हैं। इसलिए मूत्रवाहिनी के पत्थर लम्बे होते हैं और मूत्राशय में बने पत्थर गोल होते हैं। गुर्दे में बने पत्थर या तो कीप के आकार के होते हैं या अनियमित आकार के जैसे कि हिरण के सींग। फोस्फेट और कॉर्बोनेट के पत्थरों की सतह मुलायम होती है और ऑक्सेलेट के पत्थरों की खुरदुरी। इस कारण से ऑक्सेलेट के पत्थरों के कारण खून भी निकल सकता है। कुपोषित बच्चों के मूत्राशय में कभी कभी बड़े-बड़े पत्थर बन जाते हैं। ये कुपोषण के कारण शरीर के प्रोटीन के टूट जाने के कारण बनते है। जिसमें पेशाब में फालतू पदार्थे का जमाव हो जाता है। ये कण लवणों के और जमाव के लिए केन्द्रक के रूप में काम करते हैं। पत्थर नींबू समान बड़े भी हो सकते हैं।

### गुर्दे की कीप में पत्थर

गुर्दे की कीप में पत्थर कई सालों तक महसूस हुए बिना शरीर में पड़े रह सकते हैं। अक्सर उस व्यक्ति को पता लगने से कही पहले गुर्दे खराब हो चुके होते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह बीमारी काफी धीमी होती है और एक गुर्दे के खराब होने पर दूसरा उसका काम चला लेता है। कुछ मामलों में थोड़ी सी बेआरामी हो सकती है। यह गुर्दे के क्षेत्र तक ही सीमित होती है। और यह हल्का दर्द पीठ के तरफ ज़्यादा महसूस होता है। कभी-कभी कीप के क्षेत्र में पेशाब के इकट्ठे हो जाने के कारण गुर्दे सूज भी जाते हैं। कभी-कभी ऐसा बड़ा गुर्दा एक गांठ जैसे की हाथ से ही महसूस हो जाता है। कभी-कभी यह समस्या गुर्दे में संक्रमण के रूप में सामने आती है। कभी-कभी गुर्दे की पेशियाँ पत्थर को कीप से नीचे मूत्रवाहिनी की और धकेलती है। ऐसे में एक खास तरह का तेज पेट दर्द नीचे की ओर जाता हुए महसूस होता है। यह दर्द लहरों के रूप में उठता है।

### दर्द

मूत्रवाहिनी शूल (दर्द) एक खास तरह का दर्द है जो इस तरह की पथरी से होता है। दर्द पेट में मूत्रतंत्र तक सीमित होता है। यह पेट की मध्यरेषा के दायें या बाएँ ओर होता है। रोगी दर्द से कराहता है। वो या तो उस क्षेत्र को दबाकर या फिर एक तरफ को लेटकर दर्द को दबाने की कोशिश करता है। दर्द मूत्रमार्ग की ओर बढ़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूत्रनलिका और मूत्रवाहिनी की तंत्रिकाओं की जुड़ी समान होती हैं।

### मूत्राशय में पथरी

पेशाब करना थोडा मुश्किल होता है। ये पत्थर मुख्यतः मूत्रवाहिनी से आते है। कभी-कभी सीधे मूत्राशय में भी पत्थर बन सकता है। कुपोषित बच्चों में ऐसा होता है। इसके लक्षणों में मुख्यतः मूत्राशय शोथ या पेशाब अटकना शामिल है। मूत्राशय शोथ में खास तरह की जलन, और ऐठन वाला दर्द, बुखार, पेशाब में गन्दलापन और बार-बार पेशाब करने की इच्छा होती है। मूत्राशय में हुए पत्थरों से कुछ रोगियों के पेशाब में रक्त स्त्राव दिखाई देता है। मूत्राशय के पत्थरों के कारण पेशाब रूकने की एक खास विशेषता है रोगी की स्थिति से इसका सम्बन्ध। जब रोगी खड़ा होता है या पेशाब करने के लिए बैठा होता है उस समय ये पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह पर गेंद की तरह पड़ा रहता है रोगी जितना ज़्यादा जोर लगाता है उतना ही ज़्यादा रोक लगती है। परन्तु अगर रोगी लेटे लेटे पीठ के बल या करवट से पेशाब करने की कोशिश करे तो पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह से लुढ़क जाता है। इससे पेशाब बाहर निकल सकती है। कभी-कभी छोटे पत्थर या कंकड़ बड़े पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े मूत्रमार्ग में से निकल जाते हैं।



# रहमान के ऑस्कर विनिंग गाने को सुखविंदर ने किया था कंपोज

**मुंबई।** एआर रहमान को भले ही डैनी बॉयल की 2008 की ब्रिटिश फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के गाने 'जय हो' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड मिला हो, लेकिन इस ट्रैक की धुन को गायक सुखविंदर सिंह ने कंपोज किया था। इतना ही नहीं, इस गाने को स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए नहीं बल्कि सुभाष घई की एक फिल्म के लिए कंपोज किया गया था। एक इंटरव्यू में एआर रहमान के पूर्व सहयोगी और फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने गाने से जुड़े राज खोले हैं। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि 'जय हो' गाने को सुभाष घई की साल 2008 में आई फिल्म 'युवराज' के लिए कंपोज किया गया था।

लाइफ Style



# मलाइका
## सोशल मीडिया पर हो रही हैं ट्रोल

बॉलीवुड दिवा मलाइका अरोड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री अपने बेटे अरहान खान के पॉडकास्ट 'डंब बिरयानी' में दिखाई दीं। अरहान का यह पॉडकास्ट पिछले कुछ समय से लोगों का ध्यान खींच रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस पॉडकास्ट में अभिनेत्री ने अपने बेटे से ऐसा सवाल किया, जिसे सुन लोग भड़क गए हैं और अब मलाइका को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। पॉडकास्ट पर अपनी उपस्थिति के दौरान मलाइका और अरहान एक गेम में शामिल हुए, जहां दोनों ने एक-दूसरे से कई सवाल पूछे और अगर वे जवाब देने में असफल रहे, तो उन्हें 'मिर्ची का सालन' का शॉट लेना पड़ा या हरी मिर्च काटनी पड़ी। इस दौरान मलाइका ने अपने 22 वर्षीय बेटे से उनके शरीर की गिनती के बारे में पूछा, जिसका मतलब है कि वह अब तक कितनी महिलाओं के साथ संबंध बना चुके हैं। मलाइका ने आगे कहा, मुझे ईमानदारी से जवाब दो... बस मुझे जवाब दो... मुझे एक नंबर चाहिए।" हालांकि, आश्चर्य दिख रहे अरहान ने सवाल का जवाब नहीं देने का फैसला किया और इसके बजाय 'मिर्ची का सालन' शॉट खा लिया। अब अभिनेत्री के इस सवाल पर सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर संस्कार कहां गए हैं। यह अपने बेटे से ऐसे सवाल कैसे पूछ सकती हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह कैसा पॉडकास्ट है। मां-बेटे के रिश्ते की गरिमा कहां गई।' एक और यूजर ने लिखा, 'यह सब देख कर दिमाग ही खराब हो गया है।'

हॉलीवुड मसाला



# फिल्म 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी

लॉस एंजिलिस। वार्नर ब्रदर्स ने एम. नाइट श्यामलन की नवीनतम मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर इसकी धूम देखने को मिल रही है। 'ट्रैप' में जोश हार्टनेट, सालेका श्यामलन, हेले मिल्स और मार्नी मैकफेल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। आधिकारिक लॉगलाइन के अनुसार, 'ट्रैप' एक पिता और किशोरी बेटी की कहानी है जो एक पॉप कॉन्सर्ट में भाग ले रहे हैं। कॉन्सर्ट में उन्हें एहसास होता है कि वे एक अंधेरे और भयावह घटना के केंद्र में हैं।




# सिडनी स्वीनी 'सुंदर नहीं' कमेंट पर भड़कीं एक्ट्रेस

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी ने हॉलीवुड के टॉप प्रोड्यूसर कैरोल बॉम को जमकर लताड़ लगाई है। दरअसल, कैरोल बॉम ने हाल ही में सिडनी स्वीनी पर कमेंट करते हुए कहा था कि 'वह सुंदर नहीं हैं' और कोई हैं, 'जो एक्टिंग नहीं कर सकती हैं'। दिग्गज निर्माता कैरोल बॉम ने एक इवेंट में 'यूफोरिया' और 'व्हाइट लोटस' की स्टार सिडनी स्वीनी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने एक्ट्रेस की हिट रॉम-कॉम 'एनीवन बट यू' की भी आलोचना की थी। अब सिडनी स्वीनी की तरफ से उनके रिप्रेजेंटेटिव ने वैरायटी को एक बयान दिया है। इस बयान में कहा गया, ''यह कितना दुखद है कि एक महिला अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा करने की बजाय दूसरी महिला पर हमला करना चुनती है।



# अंधविश्वासी निर्देशक के बारे में विद्या का खुलासा


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन अपनी फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वह लगातार इस फिल्म के लिए इंटरव्यू भी दे रही हैं। इसी बीच विद्या बालन ने एक ऐसी घटना के बारे में बताया जिसे सुनकर आप भी कहेंगे अब तो हद ही हो गई। दरअसल, विद्या बालन ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म से जुड़ा एक किस्सा बताया। यह उस समय की बात है जब विद्या बॉलीवुड के अलावा तमिल सिनेमा में भी काम किया करती थी। उस दौरान उनके साथ एक ऐसी बात हुई जिसका खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान किया। विद्या ने कहा, ''मैं फिल्म की शूटिंग के लिए सेट पर रोजाना जाया करती थी, और मुझे सुनने में आया कि मेरे फिल्म का निर्देशक 42 दिनों से एक ही शॉर्ट्स लगातार पहनकर आ रहे हैं।



# फिर दिखा किंग खान का खास अंदाज

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान हर तरह से अपनी टीम के खिलाड़ियों के साथ नजर आते हैं। अपना समय निकालकर वह न सिर्फ मैदान में मैच देखने पहुंच रहे हैं, बल्कि मैच के बाद खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाते भी दिखाई देते हैं। हाल ही में ऐसा ही कुछ एक बार फिर देखने को मिला। शाहरुख खान की एक तस्वीर सामने आई है। इसमें वह केकेआर के खिलाड़ी सुनील नरेन और उनकी पत्नी के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शाहरुख खान के एक फैन पेज से साझा किया गया है। इसमें शाहरुख खान को नरेन और उनकी पत्नी अंजेलिया के बीच बैठे हुए देखा जा सकता है। तीनों कैमरे को पोज दे रहे हैं। शाहरुख ने सफेद शर्ट और ट्राउजर पहना है। वहीं, सुनील कैजुअल लुक में हैं।

टीवी मसाला



# नहीं कर सकता बोल्ड बेडरूम सीन

मुंबई। गुम है किसी के प्यार में शो के लीड एक्टर शक्ति अरोड़ा फीमेल फैन्स के बीच काफी पॉप्युलर हैं। सीरियल के ईशान सर सबका क्रश बन चुके हैं। दर्शक इंतजार कर रहे हैं कि ईशान और सवि के बीच रोमांटिक सीन दिखाए जाएं। इस बीच शक्ति अरोड़ा ने बेडरूम सीन्स पर अपने विचार रखे। उनका कहना है कि इंडियन एक्टर्स पर ये सब सूट नहीं करता है। शक्ति अरोड़ा स्टार प्लस का लोकप्रिय चेहरा हैं। गुम है किसी के प्यार में सीरियल में उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। लोग उनके साथ सवि का रोमांस देखने के लिए बेकरार हैं लेकिन शक्ति का कहना है कि रोमांस तक ठीक है लेकिन वह टीवी पर बेडरूम वाले इंटीमेट सीन करने से बचते हैं। शक्ति अरोड़ा ओटीटी शोज की बात कर रहे थे।

# अब इंडस्ट्री में पक्षपात बहुत है... 'चंद्रकांता' के कुंवर विक्रम

**मुंबई।** 90 के दशक के मशहूर धारावाहिक 'चंद्रकांता' में कुंवर विक्रम सिंह का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेता शाहबाज खान बीते लंबे समय से पर्दे से दूर हैं। चंद्रकांता के अलावा उन्होंने 'बेताल पच्चीसी' में बेताल की भूमिका निभाकर भी खूब



वाहवाही बटोरी। इसके अलावा उन्हें 'राम सिया के लव-कुश', 'युग', 'अफसर बिटिया', 'कर्मफल दाता शनि' जैसे सीरियल में दमदार अभिनय से लोगों का दिल जीतते देखा जा चुका है। एक वक्त पर अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों का भी हिस्सा रहे। हालांकि, आजकल वह पर्दे से गायब हैं। वहीं अब अभिनेता ने खुद इसके पीछे का असली कारण बताकर हर किसी को दंग कर दिया है। शाहबाज खान ने 'राजू चाचा', 'चल मेरे भाई', 'बादल', 'जय हिंद' और 'मेहंदी' जैसी फिल्मों में काम किया है। अभिनेता को उनके नेगेटिव रोल के लिए याद किया जाता है। हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा लोकप्रियता 'चंद्रकांता' में निभाए कुंवर विक्रम सिंह के किरदार से मिली।

# दुबई से हैदराबाद लौटे महेश बाबू और राजामौली



मुंबई। साउथ सुपरस्टार महेश बाबू इन दिनों फिल्म निर्माता एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी शीर्षक एसएसएमबी 29 है। महेश बाबू और एसएस राजामौली को आज शुक्रवार की सुबह हैदराबाद लौटते देखा गया। उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया। एक्स और इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में महेश बाबू और एसएस राजामौली एयरपोर्ट से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि दोनों दुबई से लौट रहे थे। फिलहाल फिल्म एसएसएमबी 29 अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है। महेश बाबू, एसएस राजामौली और निर्माता केएल नारायण दुबई से लौटने पर आज सुबह राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखे गए। काफी समय हो गया है, जब प्रशंसकों को महेश बाबू और एसएस राजामौली को एक साथ देखने का आनंद मिला है।

# सकीना को पसंद आया तारा सिंह का नया लुक



**मुंबई।** सनी देओल और अमीषा पटेल की जोड़ी फिल्म 'गदर' में खूब हिट रही है। असल जिंदगी में भी दोनों सितारे काफी अच्छे दोस्त हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर दोनों एक-दूसरे के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते नजर आते हैं। ऐसा ही कुछ एक बार हाल ही में देखने को मिला। दरअसल, सनी देओल ने सोशल मीडिया पर अपनी एक ताजा तस्वीर साझा की है। इस पर अमीषा पटेल के कमेंट ने यूजर्स का सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है। अभिनेता सनी देओल सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। अक्सर वह अपने प्रशंसकों के साथ अपनी तस्वीरें साझा करते दिखते हैं। उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह डेनिम शर्ट पहने दिख रहे हैं। इस पर अभिनेता के प्रशंसकों ने कमेंट की झड़ी लगा दी। कई बॉलीवुड सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी। वहीं, अमीषा पटेल का कमेंट सबसे खास लगा। अभिनेत्री ने सनी देओल की तारीफ में लिखा, 'सबसे शानदार, सबसे हैंडसम'।

# 'दो और दो प्यार' के निर्माताओं का दर्शकों को बड़ा तोहफा



मुंबई। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' आखिरकार आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शुरुआती तौर पर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं अब फिल्म के निर्माता फिल्म की रिलीज के पहले दिन ही दर्शकों के लिए बड़ा तोहफा लेकर आए हैं, जो फिल्म की टिकट से जुड़ा हुआ है। अब दर्शक एक टिकट कीमत पर दो टिकट खरीद सकते हैं। दरअसल, निर्माताओं ने नया ऑफर जारी किया है। निर्माता एक टिकट खरीदने पर एक मुफ्त टिकट का ऑफर लेकर आए हैं। अब दर्शकों को 'दो और दो प्यार' की एक टिकट खरीदने पर एक टिकट मुफ्त मिल रहा है।

# यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित होंगी शबाना-करिश्मा



*मुंबई। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाला दक्षिण एशियाई फिल्म महोत्सव है। वहीं, अब इसके 26वें संस्करण पर बड़ा अपडेट सामने आया है। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2024 का आयोजन 2 से 12 मई तक लंदन, लीसेस्टर और ऑक्सफोर्ड में किया जाएगा। वार्षिक कार्यक्रम में कुछ बॉलीवुड हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसकी सूची इस प्रकार है- 26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शबाना आजमी और करिश्मा कपूर सहित प्रमुख हस्तियों को भारतीय सिनेमा में उनकी भूमिकाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। 'क्लाइमेट ऑफ चेंज' थीम पर आधारित यह महोत्सव लंदन में बीएफआई आईमैक्स में रुमाना मोल्ला की इंडो-बेल्जियन फिल्म 'मिनिमम' के प्रीमियर के साथ शुरू होगा। वहीं, भारतीय अभिनेता अंशुमन झा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' का यूके प्रीमियर भी इस साल के यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में होगा।*

## शबाना की प्रसिद्ध फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में शबाना आजमी की सबसे प्रसिद्ध फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ उनके इंडस्ट्री में 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा, जिसमें उनकी पहली फिल्म 'अंकुर', दीपा मेहता की 1996 की रोमांटिक फिल्म 'फायर' और उनकी सबसे हालिया रिलीज फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' शामिल है। प्रत्येक स्क्रीनिंग के बाद शबाना आजमी मंच पर बातचीत करेंगी।



## कविता को भी मिलेगा सम्मान

करिश्मा कपूर, प्लेबैक सिंगर कविता कृष्णमूर्ति और डिजाइनर रीना ढाका के कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान करिश्मा कपूर और कविता कृष्णमूर्ति को सिनेमा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस साल के उत्सव की थीम के अनुरूप रीना ढाका पिछले कुछ सालों के अपने सबसे प्रतिष्ठित रनवे शो के साथ-साथ फैशन, स्थिरता और अपने करियर प्रक्षेप पर चर्चा करेंगी। जानकारी हो कि ढाका के जरिए डिजाइन किए गए आउटफिट नाओमी कैंपबेल और उमा थुरमन द्वारा पहने जा चुके हैं।

# राजकुमार के साथ आमिर लॉन्च करेंगे गाना 'पापा कहते हैं 2.0'




**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म 'कयामत से कयामत तक' का गाना 'पापा कहते हैं' काफी पसंदीदा गाना रहा है। दर्शकों को आज भी यह गाना काफी पसंद है। ऐसे में आमिर ने इस गाने को पसंद करने वाले को एक बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, आमिर खान अपने 'पापा कहते हैं' गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। इस खबर से आमिर के फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। इस गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए इसे 'पापा कहते हैं 2.0' नाम दिया गया है। राजकुमार राव और अलाया एफ की आगामी बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में इसे गाने को दिखाया जाएगा। दर्शकों को इस गाने का बेसब्री से इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में एक शानदार इवेंट में आमिर खान इस गाने को लॉन्च करेंगे। इसके साथ ही दृष्टिबाधित पेशेवर बैंड के सदस्यों द्वारा इसका लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा।



इशारों-इशारों में राहुल-अखिलेश पर **कसा तंज**

## पहले से ही रिजेक्ट यूपी के दो शहजादों की फिल्म फ्लॉप

# विपक्ष परिवारवाद, तुष्टीकरण वंशवाद से नहीं निकला 'बाहर'

## पीएम मोदी ने अमरोहा सीट से भाजपा प्रत्याशी तंवर के समर्थन में जनसभा की

एजेंसी ▶▶ अमरोहा

पीएम नरेंद्र मोदी ने गजरौला में अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सपा-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा कि प्रदेश में दो शहजादों की जोड़ी घूम रही है, उनकी फिल्म शूटिंग चल रही। वे आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें। विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका जाने न दें।

पीएम ने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। आप का एक एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करेगा। भाजपा गांव, गरीब के लिए बड़े विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है। लेकिन इंडि गठबंधन के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है। इस मानसिकता का बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को उठाना पड़ा है।

. मोदी ने गजरौला में अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।सपा-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा प्रदेश में दो शहजादों की जोड़ी घूम रही है, उनकी फिल्म शूटिंग चल रही। वह हमारी आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं ,जिनकी फिल्म पहले ही फ्लाप हो चुकी है। लोगों ने उन्हें बाहर कर दिया है।



### केंद्र सरकार ने सभी वर्गों को किया लाभान्वित

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश में टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए टेक्सटाइल पार्क बना रही है। इसका लाभ भी अमरोहा के गारमेंट उद्योग को मिलेगा। रोजगार पैदा होंगे। भाजपा सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना और मुद्रा योजना का लाभ भी यहां के साथियों को हो रहा है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में जो हुआ है, वह तो अभी केवल एक ट्रेलर है। अभी तो हमें यूपी और देश को बहुत आगे लेकर जाना है।पीएम ने कहा कि सीएम योगी गन्ना किसानों की चिंता की। अमरोहा के गन्ना किसान कभी नहीं भूल सकते कि पहले उन्हें भुगतान के लिए कितना परेशान किया जाता था। लेकिन आज प्रदेश में गन्ने की रिकॉर्ड खरीद के साथ ही रिकॉर्ड भुगतान हो रहा है।

### उन्हें भारत माता की जय तक बोलना मुनासिब नहीं

हर बार विपक्षी परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की टोकरी उठाकर यूपी की जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। अपने इस अभियान में ये लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। यहां से जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उन्हें तो भारत माता की जय बोलने में भी परेशानी होती है। अमरोहा के तिगरी मेले में बाधा डालते हैं। कांग्रेस के प्रत्याशी को भारत माता की जय बोलने तक में आपत्ति थी। उन्हें संसद में जाने का हक नहीं मिलना चाहिए।

### सभी को मिलेगा हक

पीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि अब सभी को पक्का घर मिलेगा। यही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जब आप चुनाव प्रचार करने गांवों में जाएंगे वहां दो-चार लोग ऐसे मिल जाएंगे जिनको अभी घर और नल से जल योजना का लाभ नहीं मिला है। कुछ लोगों को गैस कनेक्शन भी नहीं पहुंचा हो। अगर कोई छूट गया हो तो आप पूरे विश्वास के साथ कहना। तीसरी बार मोदी के आने के बाद जो बाकी काम रह गए वह भी पूरे हो जाएंगे।

### सपा-कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

पीएम ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बना, तो सपा-कांग्रेस दोनों पार्टियों में प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। ये लोग आए दिन राम मंदिर और सनातन आस्था को गालियां दे रहे हैं। अभी रामनवमी पर प्रभु रामलला का भव्य सूर्य तिलक हुआ है। आज जब पूरा देश राममय है, तब समाजवादी पार्टी के लोग रामभक्ति करने वालों को सार्वजनिक रूप से पाखंडी कहते हैं।

### शहजादे ने द्वारका पूजा का मजाक उड़ाया

पीएम ने कहा कि इंडि गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। अभी मैं द्वारका गया और समुद्र में नीचे जाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र के नीचे पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हजारों वर्ष की आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोटबैंक के लिए खारिज कर रहे हैं।

### यहां एक गूंज फिर एक बार मोदी सरकार

उन्होंने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है कमल छाप और अमरोहा का एक ही स्वर है फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम ने कहा कि अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है।भाजपा गांव, गरीब के लिए बड़े विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है, लेकिन इंडिया गठबंधन के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है। इस मानसिकता का सबसे बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को उठाना पड़ा है।



कोल्लम में राजनाथ का संबोधन

## पीएम मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

कोल्लम। एक जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक बार राजीव गांधी ने कहा था कि भारत में भ्रष्टाचार इस स्तर का है कि अगर मैं केंद्र से 100 पैसे भेजता हूं तो जमीन तक केवल 14 पैसे पहुंचते हैं और 86 पैसे भ्रष्टाचार में चले जाते हैं। उन्होंने अपनी बेबसी जाहिर की है लेकिन इसका कोई उपाय नहीं बताया है। स्वतंत्र भारत में पीएम मोदी एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने इस चुनौती को स्वीकार किया है। उन्होंने आज 100 पैसे में जनधन, आधार और मोबाइल की त्रिमूर्ति स्थापित की है दिल्ली के बैंक से भेजे जाते हैं, आपकी जेब में 100 पैसे पहुंचते हैं और एक भी पैसा भ्रष्टाचार में नहीं जाता। जवाहर लाल नेहरू हों, इंदिरा गांधी हों या राहुल गांधी हों, सबने कहा कि हम गरीबी हटाएंगे, लेकिन ये पीएम मोदी हैं जिन्होंने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला।

### मतदान में दिखा जज्बा



### दादा जी को सलाम! चल नहीं सकते तो डोली में बैठ कर मतदान महादान को चरितार्थ किया

उत्तरकाशी। उत्तराखंड की सभी पांच लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। पोलिंग बूथों पर मतदाताओं का उत्साह देखते ही बना। बुजुर्ग, महिलाएं और युवा तो वोट देने पहुंचे साथ ही दिव्यांग जन भी किसी से पीछे नहीं रहे। यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र के तुल्याड़ा बूथ पर वोट देने पहुंचे विमल सिंह को देखकर हर कोई उनके जज्बे को सलाम कर रहा है। चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग मतदाता विमल सिंह तुल्याड़ा बूथ पर मतदान के लिए पहुंचे तो हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। दिव्यांग व मतदान करने के लिए डोली में बैठ कर वोट देने पहुंचे। उन्हें डोली में लिटाकर चार युवा पोलिंग बूथ तक पहुंचे। प्रशासनिक कर्मचारियों की मदद से उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विमल सिंह के जज्बे और साहस की चर्चा हर तरफ हो रही है।

### उधमपुर में परिवार के साथ वोट डालने पहुंचा नेत्रहीन



जम्मू-कश्मीर के उधमपुर-कठुआ लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान जारी है। लोग बारिश में भी घर से निकलने वोट डालने पहुंच रहे हैं। बुजर्ग, महिलाओं और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उधमपुर में नेत्रहीन सईद मोहम्मद ने जज्जा दिखाते हुए घर से बाहर निकलकर वोट डालने पहुंचे। नेत्रहीन सईद मोहम्मद ने अपनी पत्नी और बेटी के साथ उधमपुर के एक पोलिंग स्टेशन पर मतदान किया।


### चुनाव से हटे राकांपा के छगन भुजबल



### बहुत समय बीत चुका है, अब नहीं लड़ूंगा

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और अजित पवार की राकांपा नेता छगन भुजबल ने चुनाव से हटने की घोषणा की है। भुजबल ने कहा कि मैं लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा। उनके नासिक से राकांपा के उम्मीदवार होने की संभावना थी। भुजबल ने घोषणा करते कहा कि बहुत अधिक समय बीत चुका है। अब और देरी से सीट पर महायुति की संभावनाओं पर असर पड़ेगा।

### अधीररंजन ने भाजपा नेता को दिया धक्का



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी पर हुई हिंसा पर सियासी तकरार बढ़ गई है। हिंसा में घायल हुए लोगों को देखने जब कांग्रेस नेता और स्थानीय सांसद अधीर रंजन चौधरी मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे तो उन्हें प्रदर्शनकारियों के गुस्से का शिकार होना पड़ा। चौधरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करने लगे। इसके बाद वहां हालात बिगड़ गए। कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता आपस में उलझ गए।

### मतदान केंद्र के बाथरूम में लहूलुहान मिला जवान



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के माथाभांगा में चुनाव ड्यूटी में लगे सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि जवान बाथरूम में गिर गया था, इससे उसके सिर में चोट आई। इसके बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां मौत हो गई। यह घटना गुरुवार रात की है। लोगों ने देखा तो जवान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### राहुल ने केरल में भाजपा पर किया हमला

## भाजपा एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा थोप रही



कन्नूर। कन्नूर में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम कई भाषाओं, कई परंपराओं, विभिन्न इतिहास और हमारे सभी लोगों की विभिन्न अभिव्यक्तियों को स्वीकार करते हैं। भाजपा भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा थोपना चाहती है। उदाहरण के लिए अगर आप केरल से मलयालम हटा देते हैं, तो राज्य में एक मां अपने बच्चों को इस महान भूमि का इतिहास कैसे समझायेगी।

### सीएम ममता ने की मुस्लिमों से बड़ी अपील

## वोट दिए बिना मत जाना, वरना छिन जाएगी नागरिकता



कोलकाता। दूसरी ओर अगले चरण की वोटिंग को लेकर राजनीतिक दल जमकर चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। इस दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने ईद मनाने बंगाल आए मुस्लिम प्रवासी मजदूरों से अपील की है कि वे लोग वोट डाले बिना न जाएं, वरना उनकी नागरिकता भी छीनी जा सकती है।ममता मुर्शिदाबाद में थीं, जहां रामनवमी के दिन शोभायात्रा पर पथराव की घटना सामने आई थी। इसके चलते भाजपा उन पर हमलावर है। ऐसे में सीएम ने यहां भाजपा को आड़े हाथों लेने का प्रयास किया और सवाल उठाया कि लोग हथियार लेकर शोभायात्रा क्यों निकाल रहे थे। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि आपको यह हथियार किसने दिए थे।

### केजरीवाल की डाइट और इंसुलिन की मांग की याचिका पर बहस

शराब घोटाले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं मुख्यमंत्री केजरीवाल

## नवरात्रि का प्रसाद खाया और 3 बार आम, कोर्ट ने 22 तक फैसला सुरक्षित रखा, जवाब पेश करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीएम अरविंद केजरीवाल की डाइट और इंसुलिन की मांग की याचिका कोर्ट ने दोनों पक्षों से डाइट चार्ट के साथ ही शनिवार तक जवाब मांगा है। वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आलू पूड़ी के आरोप झूठे हैं। 48 बार के खाने में से उन्होंने केवल एक बार नवरात्रि का प्रसाद खाया, जिसमें पूरी-आलू था।

कथित शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की डाइट और इंसुलिन की मांग की याचिका पर राऊज एवेन्यू में बहस हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों से केजरीवाल के डाइट चार्ट के साथ ही शनिवार तक जवाब मांगा है। कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा। कोर्ट अब 22 अप्रैल को फैसला सुनाएगी।

केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आलू पूड़ी के आरोप झूठे हैं। 48 बार के खाने में से उन्होंने केवल एक बार नवरात्रि का प्रसाद खाया, जिसमें पूरी-आलू था। घर से भेजे गए 48 बार के भोजन में सिर्फ 3 बार आम भेजे गए हैं। 8 अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया। आमों को चीनी की गोलियों जैसा बना दिया गया है। सिंघवी ने उनके शुगर लेवल की निगरानी करने वाले चार्ट को भी कोर्ट के सामने रखा। उन्होंने कहा कि उनके डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन देखें।

### कोर्ट ने डाइट चार्ट के साथ ही शनिवार तक जवाब मांगा, 22 को देगा निर्णय

**खास बातें**

- घर से भेजे गए 48 बार के भोजन में सिर्फ 3 बार आम भेजे गए
- 8 अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा

### शुगर लेवल उसके खान-पान के कारण बढ़ रहा



सिंघवी ने केजरीवाल की याचिका पढ़ते हुए कहा कि इस मामले में जेल अधिकारियों ने ईडी के साथ मिलकर मीडिया ट्रायल करने की कोशिश की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आवेदक का शुगर लेवल उसके खान-पान के कारण बढ़ रहा है। सिंघवी ने कहा उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने चाय में चीनी डाली थी जबकि उन्होंने अपनी चाय में शुगर फ्री का इस्तेमाल किया क्योंकि वो डायबिटीज के रोगी हैं। उन्होंने कहा कि ईडी कितना तुच्छ, राजनीतिक और हास्यास्पद हो सकती है।

### केजरीवाल खूंखार अपराधी नहीं

सिंघवी ने कहा कि मैं अदालत से जेल अधीक्षक को यह निर्देश देने की मांग कर रहा हूं कि वह पर्याप्त इलाज उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि क्या वह गैंगस्टर है? क्या वह कोई खूंखार अपराधी है? कि उन्हें रोजाना 15 मिनट अपने डॉक्टर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि क्या कैदी को स्वास्थ्य का कोई अधिकार नहीं है? सिंघवी ने कहा मैंने इस तरह की संकीर्णता कभी नहीं सुनी।

### दोनों ओर के डाइट का तुलनात्मक चार्ट दें

जज ने केजरीवाल के वकील से कहा कि आप मुझे अपना डाइट चार्ट और जेल द्वारा दिए गए डाइट चार्ट का तुलनात्मक चार्ट दें। केजरीवाल के वकील ने कहा कि आम और आलू पूरी जैसे मामूली बदलाव की वजह से इंसुलिन के लिए मेरे आवेदन का विरोध नहीं किया जा सकता है। जेल ऑथारिटी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। जेल ऑथारिटी ने कोर्ट को बताया कि ऐसा नहीं है कि केजरीवाल की सेहत पर नजर नहीं रखी जा रही है, उनको जो भी सुविधाएं चाहिए वह उपलब्ध कराई गई हैं।

### नामांकन रद्द तो शीर्ष कोर्ट पहुंचा उम्मीदवार, भड़के सीजेआई

## याचिका कर दी खारिज, ऐसे प्रकरणों में हस्तक्षेप किया तो आ जाएगी अराजकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार का नॉमिनेशन कैंसल होने के मामले में सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने सख्त टिप्पणी की है। उन्होंने शुक्रवार को दो टूक कहा कि यदि पर्चा रद्द होने के मामलों को एंटरटेन किया जाएगा तो फिर तो अराजकता आ जाएगी।

बिहार की बांका लोकसभा सीट से जवाहर कुमार झा ने निर्दलीय पर्चा भरा था, लेकिन उनका नॉमिनेशन रिटर्निंग ऑफिसर ने कैंसल कर दिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। झा ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर ने मनमाने और अवैध तरीके से उनके नामांकन को रद्द कर दिया। सुनवाई के दौरान सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि आपको चुनावी याचिका दायर करनी होगी। आप आर्टिकल 32 के तहत याचिका दायर नहीं कर सकते।

### बांका लोकसभा सीट के प्रत्याशी का दावा

### चुनावी कानून के अनुशासन का पालन करना होगा



अदालती सुनवाइयों को कवर करने वाले 'बार एंड बेंच' के अनुसार सीजेआई कहा कि नामांकन पत्र खारिज होने को एंटरटेन करना शुरू कर दिया जाएगा तो चुनाव में अराजकता हो जाएगी। अगर हम नोटिस जारी करेंगे और मामले की सुनवाई करेंगे तोचुनाव से बढ़ जाएगा।

### गलतियां ठीक करने को मिले एक दिन

वकील अलख आलोक श्रीवास्तव के जरिए से याचिका में उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को खारिज करने में पूरे भारत में चुनाव रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा विवेक के मनमाने और दुर्भावनापूर्ण प्रयोग पर अंकुश लगाने का आग्रह किया गया था। चिह्नित गलतियों को ठीक करने उम्मीदवार को कम से कम एक दिन का अवसर प्रदान करने का निर्देश दिया जाना चाहिए।



### सुप्रीम कोर्ट का सवाल

## बाबा रामदेव पर दर्ज केसों का स्टेटस बताएं

योग गुरु रामदेव के खिलाफ बिहार और छत्तीसगढ़ में तीन साल पहले दर्ज किए केसों का स्टेटस सुप्रीम कोर्ट ने पूछा। अदालत ने कहा कि कोरोना के इलाज को लेकर एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति पर टिप्पणी के चलते ये केस दर्ज हुए थे। आखिर इनमें क्या प्रगति हुई है?

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)